

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# काव्य मंजरी
# Kavya Manjari
## 2025

केन्द्रीय विद्यालय संगठन * Kendriya Vidyalaya Sangathan

# काव्य मंजरी

## भाग-19

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली

© केन्द्रीय विद्यालय संगठन

काव्य मंजरी, भाग-19

शिक्षक दिवस-2025 के उपलक्ष्य में प्रकाशित केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षकों एवं कार्मिकों द्वारा रचित कविताओं का संकलन

-----------------------------------

**संरक्षकः** सुश्री प्राची पाण्डेय, आयुक्त, के.वि.सं.

**मुख्य संपादकः** सुश्री चंदना मंडल, अपर आयुक्त (शै.)

**संपादकः** श्री डि. मणिवण्णन, संयुक्त आयुक्त (शै.)

**संपादकीय प्रभारीः** श्री सचिन राठौर, सहायक संपादक, के.वि.सं. (मु)

**आवरण पृष्ठः** सुश्री शमसुन निसा, टीजीटी (कला), केन्द्रीय विद्यालय मधुपुरी, फतेहपुर

-----------------------------------

अपर आयुक्त (शै.), केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित

# दो शब्द

'काव्य मंजरी' का 19वाँ अंक पाठकों के हाथ में सौंपते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है । यह अंक न केवल केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की रचनात्मकता का जीवंत प्रमाण है, बल्कि उनके भावनात्मक, सामाजिक और वैचारिक विस्तार का भी सुंदर प्रतिबिंब है ।

इस विशेषांक की कविताएँ विविध विषयों को समेटे हुए हैं - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से लेकर प्रकृति तक, राजभाषा हिंदी से लेकर केन्द्रीय विद्यालय संगठन की गरिमा तक, संबंधों की मिठास से लेकर देशभक्ति की भावना तक, नारी सशक्तिकरण से लेकर परीक्षा पे चर्चा जैसे समसामयिक विषयों तक - हर कविता में एक अनोखा दृष्टिकोण और संवेदना की गहराई देखने को मिलती है ।

यह संग्रह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हमारे शिक्षकगण और स्टाफ सदस्य अपने कार्यालयीन उत्तरदायित्वों के साथ-साथ रचनात्मक लेखन के लिए भी समय निकालते  हैं, और अपनी सृजनात्मक ऊर्जा से शिक्षा जगत को समृद्ध कर रहे हैं ।

'काव्य मंजरी' न केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति का मंच है, बल्कि यह राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और प्रभावी अनुपालन का सशक्त माध्यम भी है, जो हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है और भावनात्मक एकता को बल देता है ।

मैं इस अंक के सभी रचनाकारों, संपादन एवं प्रकाशन से जुड़े समर्पित सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देती हूँ । आशा है कि यह संकलन पाठकों के हृदय को स्पर्श करेगा और आने वाले वर्षों में और भी अधिक प्रेरणादायक काव्य सृजन को प्रोत्साहित करेगा ।

अनेक मंगल कामनाओं सहित,

प्राची पी.

**प्राची पाण्डेय**
आयुक्त

# अनुक्रम/ Index


| क्र. सं S.No | शीर्षक Title | पृ. सं. Pg. No. |
|---|---|---|
| 1 | हिन्द की बिंदी: हिन्दी | 1 |
| 2 | हिन्दी हमारी माता | 2 |
| 3 | मैं हिन्दी हूँ, मेरी गाथा जगत ने गाई | 3 |
| 4 | हिन्दी की व्यथा | 4 |
| 5 | नए तराने गाएँगे | 5 |
| 6 | आओ बच्चों तुम्हें दिखाऊँ केन्द्रीय विद्यालय अपना | 6 |
| 7 | मेरा केन्द्रीय विद्यालय निखर रहा है | 7 |
| 8 | निराला केन्द्रीय विद्यालय अपना | 8 |
| 9 | पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय | 9 |
| 10 | आत्मनिर्भर बने देश का हर बच्चा | 10 |
| 11 | केन्द्रीय विद्यालय | 11 |
| 12 | परीक्षा पे चर्चा | 12 |
| 13 | परीक्षा पे चर्चा-प्रधान मंत्र | 13 |
| 14 | एक पेड़ माँ के नाम | 14 |
| 15 | माँ, पेड़ और मिशन लाइफ | 15 |
| 16 | धरती माँ का श्रृंगार करें हम | 16 |
| 17 | पेड़ और पर्यावरण | 17 |
| 18 | हे भारत | 18 |
| 19 | मेरा देश महान है | 19 |

| | | |
|---|---|---|
| 20 | सबसे प्यारा देश हमारा | 20 |
| 21 | ऐसे उत्सव, ऐसी खुशियाँ | 21 |
| 22 | ऑपरेशन सिंदूर | 22 |
| 23 | हम पंछी आज़ाद वतन के | 23 |
| 24 | समय का महत्व | 24 |
| 25 | लक्ष्य का पथ | 25 |
| 26 | कितना कठिन है सरल हो जाना | 26 |
| 27 | जिजीविषा | 27 |
| 28 | मैं पाठ पढ़ाने आई थी, तुमने जीवन पढ़ा दिया | 28 |
| 29 | अपना गाँव | 29 |
| 30 | अत्यधिक अधिकता | 30 |
| 31 | सपने उनके सच होते हैं | 31 |
| 32 | बारिश का मौसम | 32 |
| 33 | पिता | 34 |
| 34 | किताबें | 35 |
| 35 | संघर्ष | 36 |
| 36 | मन की बात | 37 |
| 37 | जीवन गीत | 39 |
| 38 | एक अनूठा माँ का प्यार | 40 |
| 39 | मेरा पहला कदम स्कूल की ओर | 41 |
| 40 | नवसृजन का पर्व | 42 |

| | | |
|---|---|---|
| 41 | किस भाषा में बताऊँ | 43 |
| 42 | ईश्वर से मेरा नाता | 45 |
| 43 | उड़ान | 46 |
| 44 | बस यूं ही | 47 |
| 45 | खुद की तलाश | 48 |
| 46 | हम विशेष बच्चे | 49 |
| 47 | जिंदगी चली गई | 50 |
| 48 | माँ | 51 |
| 49 | बदलती प्रकृति के संग | 52 |
| 50 | खाली पन्ने, अकुलाए शब्द | 53 |
| 51 | समर-ओज | 54 |
| 52 | नारी सशक्तिकरण | 55 |
| 53 | अब कोई नया मनुष्य जन्म ले ! | 56 |
| 54 | एक शिक्षक की चाह | 57 |
| 55 | कहाँ गई वो भोजन थाली ? | 58 |
| 56 | संगठन की शान | 59 |
| 57 | गुलमोहर ख्वाब में उतर आया | 60 |
| 58 | मातृभूमि की पावन माटी | 61 |
| 59 | शून्य से संवाद | 62 |
| 60 | गीत पराया गाऊँ तो लज्जा आती है | 63 |
| 61 | बहन-भाई का प्यारा रिश्ता | 64 |

| | | |
|---|---|---|
| 62 | मंजिल तुझको मिल जाएगी | 65 |
| 63 | हर कदम, एक पहचान | 66 |
| 64 | तू किस्मत कब तक रूठेगी ? | 67 |
| 65 | यादों के दरीचे से | 68 |
| 66 | संकल्प प्रेरणा | 69 |
| 67 | ए आई 171 | 70 |
| 68 | लगाएँ एक पेड़ ! | 71 |
| 69 | प्यारी गौरैया | 72 |
| 70 | आने वाले कल को हम क्या सौंप कर जाएंगे ? | 73 |
| 71 | उस पार | 74 |
| 72 | सम्मति | 75 |
| 73 | चिड़िया के बच्चे | 76 |
| 74 | कौन है वह | 77 |
| 75 | मेरी माँ और मेरी कामयाबी | 78 |
| 76 | हम बढ़ चले | 79 |
| 77 | धरा संरक्षण | 80 |
| 78 | अपनों की कैद | 81 |
| 79 | शिक्षक की अभिलाषा | 82 |
| 80 | ध्रुव तारे सा चमकाएँगे | 83 |
| 81 | बाल अभिलाषा | 84 |
| 82 | हम ऐसे दीपक | 85 |

| | | |
|---|---|---|
| 83 | पुस्तकें हमेशा तुम्हें बुलाती हैं | 86 |
| 84 | रिक्त स्थान | 87 |
| 85 | बिटिया | 88 |
| 86 | गुरुजन को प्रणाम | 89 |
| 87 | स्नेह की धारा | 90 |
| 88 | यादों का कारवां | 91 |
| 89 | आँखो में चमक | 92 |
| 90 | पदत्राण | 93 |
| 91 | ममता की छाँव | 95 |
| 92 | हाँ मैं शिक्षक हूँ | 96 |
| 93 | मिट्टी की तह में | 97 |
| 94 | बेटी: एक खज़ाना | 98 |
| 95 | कलम का आह्वान | 99 |
| 96 | हौसलों की उडान | 100 |
| 97 | शिक्षक | 101 |
| 98 | व्यथा ओर आशा | 102 |
| 99 | वसुंधरा की पुकार | 103 |
| 100 | बादल का जादू | 104 |
| 101 | अवसर | 105 |
| 102 | भट काता मन | 106 |
| 103 | गुरु महिमा | 107 |

| | | |
|---|---|---|
| 104 | योग का महत्त्व | 108 |
| 105 | किसे ख़बर थी | 109 |
| 106 | जीवन के फ़साने | 110 |
| 107 | गुरु का वादा | 111 |
| 108 | माँ तेरे पास होने का एहसास | 113 |
| 109 | काव्य मंजरी की गाथा | 114 |
| 110 | Chalk Dust and New Dawns: A KVS Ode to NEP | 116 |
| 111 | NEP 2020: Every Child, Every Dream | 118 |
| 112 | PM SHRI Scheme - A Visionary Change | 119 |
| 113 | Every Voice at the Table - Inclusive Education | 120 |
| 114 | Operation Sindoor | 121 |
| 115 | India: A Living Hymn of Unity | 122 |
| 116 | Naughty Nuts | 123 |
| 117 | Come Again, Dear Gandhi Ji | 124 |
| 118 | Solitude | 125 |
| 119 | Between Desks and Beyond the Bell | 126 |
| 120 | For You, My Parents | 127 |
| 121 | This is Nature | 128 |
| 122 | Equal Wings for Equal Flight | 129 |
| 123 | You are my Dedication (A tribute to my student) | 130 |
| 124 | The Teacher as Facilitator | 131 |

| | | |
|---|---|---|
| 125 | **In God's Design** | 132 |
| 126 | **The New-Age Classroom: Where Dreams Take Flight** | 133 |
| 127 | **A World Without Walls** | 134 |
| 128 | **Let them Grow** | 135 |
| 129 | **What It Is ?** | 136 |
| 130 | **Discouraged versus Empowered** | 137 |
| 131 | **Summer Musings** | 138 |
| 132 | **World of Happiness** | 140 |
| 133 | **The Tree of Life** | 141 |
| 134 | **Why this Endless Fire ?** | 142 |
| 135 | **The Sail of Truth** | 143 |
| 136 | **Let’s Wake Up** | 144 |
| 137 | **If Shoes Could Talk** | 145 |
| 138 | **Mirrors of the Mind** | 146 |
| 139 | **Sensitizing Senses** | 147 |
| 140 | **Spell** | 148 |
| 141 | **One Crucial Step** | 149 |
| 142 | **A Tapestry of Minds** | 150 |
| 143 | **Bliss** | 151 |
| 144 | **They are Unstoppable** | 152 |
| 145 | **Beyond the Name** | 153 |

1

# हिन्द की बिंदी: हिन्दी

रासक से लेकर वीणा तक, विजयों से प्रेमी क्रीड़ा तक
आनंदमग्न से पीड़ा तक फैली दुनिया है हिन्दी की
क्या कहूँ हिन्द की बिंदी की।
कबिरा के अक्खड़ वचनों से, मीरा के फक्कड़ भजनों से
तुलसी के राम -प्रवचनों से, बगिया महकी है हिन्दी की
क्या कहूँ हिन्द की बिंदी की।
वे सूरदास के भ्रमरगीत, रसखान-कृष्ण की अमर प्रीत
हिन्दी कविता घन-घाम-शीत, अद्भुत महिमा है हिन्दी की
क्या कहूँ हिन्द की बिंदी की।
केशव का कठिन काव्य-कौशल, सुन्दर का अवगुण अविरल जल
कुतुबन, मंझन की कल-कल-कल, निर्मल सरिता है हिन्दी की
क्या कहूँ हिन्द की बिंदी की।
जायस की कविता का जौहर, आल्हा की रणभेरी का स्वर
भूषण की कविता की थर-थर, गाथाएँ विजय हैं हिन्दी की
क्या कहूँ हिन्द की बिंदी की।
नवयुगी इंदु थे भारतेंदु दिनकर को सुनने रुका सिन्धु,
दुष्यंत ग़ज़ल के चंद्रबिंदु गर्जन विशाल है हिन्दी की
क्या कहूँ हिन्द की बिंदी की।
जयशंकर की इतिहास-दृष्टि, महादेवी की घन-प्रेम वृष्टि
वह विहग पंत की काव्य-सृष्टि, है सूर्यकांति इस हिन्दी की।
क्या कहूँ हिन्द की बिंदी की।

**रवि कुमार**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सदलगा

2

# हिन्दी हमारी माता

भारतीयता की पोषक है,

कोटि कोटि जन की भाषा है।

अपने-पन का भाव जगाती,

अपने आँगन की भाषा है।

कितनी भी भाषाएँ सीखो,

पर हिंदी को भूल न जाना तुम,

धन की भाषा चाहे जो हो,

पर हिन्दी मन की भाषा है।

माँ के दूध सरीखी मीठी,

हिन्दी को अपनाकर देखो।

झूम उठेगा मस्ती में मन,

गीत प्रीति के गाकर देखो।

**निम्बा राम**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय डुंगरपुर

3

# मैं हिन्दी हूँ, मेरी गाथा जगत ने गाई

वाणी में रचती, रस की गहराई।
संवेदन की रेखा बनकर, दूर तक छाई।
संविधान ने दी है मान्यता, राजभाषा की उपाधि पाई।
अनुच्छेद तीन सौ तैंतालीस में, मेरी छवि मुस्काई।
मैं हिन्दी हूँ, मेरी गाथा इस जगत ने गाई।

भक्ति काल की बाँसुरियों ने, मेरी गूँज सुनाई।
कबीर की उलटी बानी में, जीवन-धारा बहाई।
तुलसी की "मानस" से मैंने, मर्यादा की राह दिखाई।
मीरा की "पदावली" में, भक्ति सुधा भर आई।
मैं हिन्दी हूँ, मेरी गाथा इस जगत ने गाई।

महादेवी की "नीर भरी", दुख की गहराई।
निराला की "सरोज-स्मृति" में, एक पिता की सच्चाई।
दिनकर की "रश्मिरथी" में, कर्ण की गरिमा छाई।
नागार्जुन की कविता बन, बादल फिर से बन आई।
मैं हिन्दी हूँ, मेरी गाथा इस जगत ने गाई।

रेडियो से मंचों तक मैं, संवादों में समाई।
नाटक, लेख, कथाएँ बनकर, हर चेतन में छाई।
आज डिजिटल भारत में भी, मैंने अपनी राह बनाई,
एप्स, चैट और ब्लॉगों में, देवनागरी मैं बन आई।
मैं हिन्दी हूँ, मेरी गाथा इस जगत ने गाई।

पर एक करुण पुकार मेरी, क्यों पहचान धुंधलाई?
क्यों अंग्रेज़ी की चकाचौंध में, मेरी छवि भरमाई?
मैं माँ की ममता जैसी, क्यों उपेक्षित गई ठहराई?
मुझे अपनाओ, स्नेह जताओ, यही मेरी असली कमाई।
मैं हिन्दी हूँ, मेरी गाथा इस जगत ने गाई।

चलो मिलाकर स्वर सभी, एक हिंदीमय दीप जलाएं।
हर घर, विद्यालय, मंच पर, मुझको सिर चढ़ाएं।
मैं हिन्दी हूँ - रस की रचना, साहित्य की सच्चाई।
भारत माँ की वाणी हूँ, अक्षर-अक्षर मेरी परछाई।
मैं हिन्दी हूँ, मेरी गाथा इस जगत ने गाई।

**महेश चंद मीना**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मल्लेश्वरम

4

# हिन्दी की व्यथा

हर साल दिवस यह आता है, हर बार नया कुछ लाता है!
कुछ यादें वहीं फरियादें नई, भूली बिसरी सब बातें वहीं
दोहराई जाती हैं फिर से, परचम लहराया जाता है
हिन्दी दिवस के जाते ही, हिन्दी को भुलाया जाता है!

मेरी हालत बुरी हुई, घबराई सी मैं फिरती हूँ
फेसबुक और व्हाट्सएप पर, हिंगलिश में बातें करती हूँ
हिंद देश की भाषा हूँ मैं, खुद को यह समझाओ तुम
कॉन्वेंट के नाम पर, बच्चों को ना बहकाओ तुम!

शर्म बहुत ही आती है आत्मग्लानी भी होती है
जब अंग्रेजी मुझ पर इठला कर हावी होकर यह कहती है!
तुम हिंद देश की भाषा हो..
पर क्या सच में आज, हर भारतवासी की अभिलाषा हो?
उस क्षण मैं ठुकराई सी लगती हूं, ठगी सी रह जाती हूँ
अपने ही देश में अपनों से, अपमानित होने लगती हूँ

हे! ज्ञानी मानो बहुत हुआ, गुणगान मेरा अब करो नहीं
सम्मान यदि तुम कर ना सको, अपमान मेरा तुम करो नहीं
कलयुग के इस चौबारे में, त्योहार मनाने आती हूँ
हर साल इन्हीं फिर गलियों में, शायद हिन्दी दिवस कहलाती हूँ!

**शमसुन निसा**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (कला शिक्षा )
केन्द्रीय विद्यालय मधुपुरी, फतेहपुर

5

# नए तराने गाएँगे

शिक्षा के उपवन में हम, अब नए तराने गाएँगे।
नवाचार अपनाकर, बच्चों को सिखाते जाएँगे ।।
सही समय प्रबंधन से ही, दुनिया जीती जाएगी।
ज्ञान के संग विज्ञान हो, तो नई रोशनी छाएगी ।।
इसी रोशनी की मशाल को, हाथों- हाथ थमाएँगे।
शिक्षा के उपवन में हम, अब नए तराने गाएँगे ।।
तक्षशिला -नालंदा की, सत-परम्परा के धावक हों।
कला-संस्कृति, प्रेम के ही वो ध्वज-वाहक हों ।।
संत-परम्परा के पालन को, नव पीढ़ी तक फैलाएँगे।
शिक्षा के उपवन में हम, अब नए तराने गाएँगे ।।
मन-मंदिर से सबके, जब तनाव की दूरी होगी।
जीवन की परीक्षा की, तभी तैयारी पूरी होगी ।।
परीक्षा की सफलता का, ख्वाब हंसी में सजाएँगे।
शिक्षा के उपवन में हम, अब नए तराने गाएँगे ।।
साँसों की ये पतली डोर, प्रकृति-प्रेम से बचेगी।
सुख से जिएंगे जीव सब, जब हरियाली रहेगी ।।
उड़ न जाए धरा की रंगत, चूनर धानी ओढ़ाएँगे।
शिक्षा के उपवन में हम, अब नए तराने गाएँगे ।।

परचम केन्द्रीय विद्यालय का, दुनिया में हम लहराएँगे।
करें प्रतिज्ञा भारत को फिर, विश्व गुरु बनाएँगे ।।
नई शिक्षा नीति का संदेश, जन-मन में फैलाएँगे।
शिक्षा के उपवन में हम, अब नए तराने गाएँगे ।।

**अजय कुमार साहू**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय, मॉस्को

6

# आओ बच्चों तुम्हें दिखाऊँ केन्द्रीय विद्यालय अपना

आओ बच्चों तुम्हें दिखाऊँ केन्द्रीय विद्यालय अपना,
सभी धर्म सभी प्रांत जैसे मिनी इंडिया हो अपना।
सुबह सुबह शुरू होती है सच्ची प्रार्थना यहाँ,
सावधान होकर हम लेते हैं प्रतिज्ञा यहाँ।
जनगणमन राष्ट्र गीत से सीना चौड़ा करते हैं यहाँ,
भारतमाता की जय से गूँज जगाते हैं यहाँ।
शिष्टाचार व अनुशासन सीखने की है भावना
सभी धर्म सभी प्रांत जैसे मिनी इंडिया हो अपना।

भाषा विज्ञान और गणित सीखते हैं हम यहाँ,
नए नए क्रिया कलापों से सब जानते है हम यहाँ
अपने सहाध्यायियों की मदद करते हैं हम यहाँ,
गुरुजी की मेहनत से अव्वल बनते हैं हम यहाँ।
खूब पढ़ेंगे खूब बढ़ेंगे पूरा करेंगे हर सपना,
सभी धर्म सभी प्रांत जैसे मिनी इंडिया हो अपना।

सह अभ्यासिक प्रवृतियाँ होती हैं खूब यहाँ,
बढ़ चढ़कर भाग लेता बच्चा-बच्चा यहाँ,
स्काउटिंग की जोरशोर से होती है प्रवृत्ति यहाँ,
खेलकूद के मैदान में खूब खेलते हैं हम यहाँ।
सेवा समर्पण और देशसेवा की है कामना
सभी धर्म सभी प्रांत जैसे मिनी इंडिया हो अपना।

**जयेश केलर**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी चाँदखेड़ा, अहमदाबाद

7

# मेरा केन्द्रीय विद्यालय निखर रहा है

शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बन रहा है।
मेरा केन्द्रीय विद्यालय दिनोंदिन निखर रहा है।

संस्कृतियों का संगम यहाँ, है भाषा का विस्तार
विविधता में एकता यहाँ, यही है इसका आधार
उपलब्धियों के नित नूतन कीर्तिमान गढ़ रहा है।
मेरा केन्द्रीय विद्यालय दिनोंदिन निखर रहा है।

शिक्षा और संस्कार यहाँ, है यहाँ उत्तम व्यवहार
सर्वांगीण विकास का ध्येय यहाँ, है जीवन का श्रृंगार
सभी शिक्षा मानकों की कसौटी पर खरा उतर रहा है।
मेरा केन्द्रीय विद्यालय दिनोंदिन निखर रहा है।

जीवन का आदर्श यहाँ, है यहाँ भाईचारे का उपहार
विविध प्रांतों के बच्चे यहाँ, है यहाँ समन्वय का संसार।
शिक्षा के आकाश पर सूर्य सा चमक रहा है।
मेरा केन्द्रीय विद्यालय दिनोंदिन निखर रहा है।

एक भारत श्रेष्ठ भारत यहाँ, है तारा ऐप से भाषा परिष्कार
खेलो और फिट इंडिया यहाँ, है यहाँ योग का संस्कार
मेरा देश वापस विश्वगुरु बनने की और अग्रसर हो रहा है।
मेरा केन्द्रीय विद्यालय दिनोंदिन निखर रहा है।

**दिलीप कुमार शर्मा**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल जैसलमेर

४

# निराला केन्द्रीय विद्यालय अपना

पूरे भारत में फैला है जिसका उजियारा।
जो है भारतीय संस्कृति का ध्यान रखने वाला।
आधुनिक शिक्षा में भी है जिसका बोलबाला,
ऐसा है, हमारा केन्द्रीय विद्यालय सबसे निराला।

नवाचार को सबसे पहले लागू करने वाला।
खेल-कूद और विभिन्न कलाओं की शिक्षा देने वाला,
नई- नई शिक्षा पद्धतियों से बच्चों को पढ़ाने वाला।
ऐसा है, हमारा केन्द्रीय विद्यालय सबसे निराला।

ग़रीब बच्चों के जीवन में भी ज्ञानदीप जलाना।
आधुनिकता के साथ-साथ प्राचीन संस्कृति को बचाना।
सारी सुविधाओं के साथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना।
ऐसा है हमारा केन्द्रीय विद्यालय सबसे निराला।

**रविंदर**
प्राथमिक शिक्षक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय ए.जी.सी.आर कॉलोनी

९

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय ने, सपना साकार किया।
नन्ही आंखों में पलते, हर ख़्वाब को आकार दिया।
इस शिक्षा का ध्येय यही है, असतो मा सद्गमय।
बार-बार यह सिखलाता है, तमसो मा ज्योतिर्गमय।
माली जैसे हर पल शिक्षक, हमें संभाले परिसर में।
शिक्षा की कैंची से खरपतवार, छांटते पल-पल में।
जादू का एक दिया पिटारा, खेल खिलौने भर भर कर।
खेल पहेली, कठपुतलियां, चार्ट पुस्तकें और पोस्टर।
अक्षर और संख्याओं के संग, ज्ञान को एक आधार दिया।
एक सूत्र में रखकर सबको, समता  का अधिकार दिया।
सर्वे भवंतु सुखिनः का, गुरु मंत्र मिला विद्यालय से।
भारत का कण-कण महकेगा, शिक्षा के संस्कारों से।
नया सवेरा हमसे है, नया सृजन भी हमसे है।
आसमान को छूने का, मजबूत इरादा हमसे है।
यहां भविष्य के बीज है पलतें, और शिक्षा के दीप जले।
उम्मीदों की किरण से जगमग, सपनों को भी पंख मिले।
सृजन करें हम खेल खेल में, खुलते हैं सपनों के द्वार।
पीएम श्री विद्यालय से ही मिले निपुणता और संस्कार।

**उमा उपाध्याय**
पुस्तकालयाध्यक्ष
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय डबरा

10

# आत्मनिर्भर बने देश का हर बच्चा

मेरा केन्द्रीय विद्यालय मेरा अभिमान, चारों तरफ है इसकी शान,
हुआ निर्माण जिसका पंद्रह दिसंबर उन्नीस सौ तिरसठ,
लक्ष्य था जिसका भारत के नौनिहालों का चतुर्दिक विकास
कर रहा है उसके लिए हर संभव प्रयास।

खेल -खेल में ज्ञान सिखाए,
पुस्तकों के अतिरिक्त भार से बचाए
इसके विकास के ये हैं आधार
कम पैसे में मिले गुणवत्तापूर्ण ज्ञान का भंडार
आत्मनिर्भर बने देश का हर बच्चा
इसलिए करता नए- नए अनुसंधान
मेरा केन्द्रीय विद्यालय मेरा अभिमान।

है इसका ये संकल्प निराला
भविष्य हम ऐसा रचेंगे
सृजन के होंगे जहाँ नए-नए आयाम
छिपी प्रतिभा को खोज निकालेंगे
यहाँ का हर बच्चा गढ़ेगा एक नया इतिहास
तभी होगा संपूर्ण देश का कल्याण।

केन्द्रीय विद्यालय बच्चों को मानवता का पाठ है पढ़ाता
उन्हें जीवन मूल्यों की सीख है सिखाता
प्रतिभावान शिक्षक करते हैं जहां नए- नए प्रयास।
है कामना ईश्वर से,
फैले यश के.वि का चारों दिशाओं में
बने छात्र नए भारत के नए प्रवर्तक।

विश्व को नई राह दिखलाएंगे
अपनी इस संस्था से, भारत को विश्व मंच पर अग्रदूत बनाएंगे,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन का परचम विश्व में लहराएंगे।

**सैमुननिशा**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पतरातू

# केन्द्रीय विद्यालय

शिक्षा के जगत की आन, बान, शान और जान।
केन्द्रीय विद्यालय है भारत का अभिमान ।।

तमसो मा ज्योतिर्गमय की प्रार्थना के संग,
तकनीकी प्रयोग और स्मार्ट क्लास का दिखता रंग,
हर भाषा और जाति के विद्यार्थी इसका अंग,
इक्कीसवीं सदी के स्किल्स का सीखते ढंग।

केन्द्रीय विद्यालय है हिन्दुस्तान की शान
नवचेतना, नवशक्ति, नव निर्माण का है ये स्थान ।।

एक जैसा पाठ्यक्रम देता है छात्रों को राहत,
एन.सी.सी, कब्स बुलबुल, स्काउट, गाइड
कला उत्सव, एन.सी.एस.सी, एक भारत श्रेष्ठ भारत
पूरी होती है किसी भी क्षेत्र के ज्ञान की चाहत ।।

हर एक विद्यार्थी यहाँ पाता है नई उड़ान ।।
बनाया जाता है उसे राष्ट्र निर्माण का प्राण ।।

तत त्वं पूषन अपावृणु का सन्देश वाहक,
हर नई शिक्षा नीति का है ये ध्वज वाहक,
नैतिक शिक्षा और अनुशासन का धारक,
हर विद्यार्धी के ख़्वाबों को पूरा करने का चाहक

सी.बी.एस.ई, एन.सी.ई.आर.टी के नए प्रयोंगों का स्थान।
इसके शिक्षक और विद्यार्थी बढ़ाते हैं देश का सम्मान ।।

**कविता कुमारी**
प्राथमिक शिक्षक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 ए.एफ.एस. पठानकोट

12

# परीक्षा पे चर्चा

देश के शिक्षा की तस्वीर अब बदलने लगी है,
परीक्षा परिणाम की स्थिति सुधरने लगी है,
शिक्षित हो रहा देश का हर बूढ़ा और बच्चा,
जब से होने लगी है देश में परीक्षा पे चर्चा।

प्रधानमंत्री जी की बातों का असर दिखने लगा है,
परीक्षा परिणाम का डर भी अब मिटने लगा है,
तनाव रूपी समस्या से हर बच्चे की हुई है रक्षा,
जब से होने लगी है देश में परीक्षा पे चर्चा।

पढ़ाई के समय अब बच्चे रहते हैं कूल,
सभी दुःख, परेशानियों को वे जाते हैं भूल,
कुछ करने की जगी है हर बच्चे में इच्छा,
जब से होने लगी है देश में परीक्षा पे चर्चा।

बच्चे मानसिक रूप से मजबूत होने लगे हैं,
अभिभावक भी इसका सबूत देने लगे हैं,
हर बच्चा अब पहले जैसा नहीं है कच्चा,
जब से होने लगी है देश में परीक्षा पे चर्चा।
बच्चों के लिए पढ़ाई करना हो गया है आसान,
अभिभावक को भी नहीं होना पड़ता है परेशान,
दवाओं पर भी उन्हें नहीं करना पड़ता है खर्चा,
जब से होने लगी है हमारे देश में परीक्षा पे चर्चा।

विद्यालय से बच्चों का ऐसा रिश्ता बनने लगा है,
शिक्षक अब बच्चों को फरिश्ता लगने लगा है,
अध्ययन-अध्यापन पहले से हो गया है अच्छा,
जब से होने लगी है हमारे देश में परीक्षा पे चर्चा।

तनाव रहित होकर अब बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं,
सफलता की नित नई-नई परिभाषा गढ़ रहे हैं,
खुश हो रहा है देश का हर एक बूढ़ा और बच्चा,
जब से होने लगी है हमारे देश में परीक्षा पे चर्चा।

विद्यालयों में सफलता रूपी कमल खिलने लगा है,
हमारे देश का भविष्य अब उज्ज्वल दिखने लगा है,
अब जाकर मिला है देश को एक प्रधानमंत्री सच्चा,
अब तो होने लगी है देश में परीक्षा पे चर्चा॥

**आशीष मद्धेशिया**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अंबिकापुर

13

# परीक्षा पे चर्चा- प्रधान मंत्र

प्रधानमंत्री कृत प्रधान मंत्र
गिरहों का यह विषम तंत्र
खुलता-सुलझता चर्चा से सर्वत्र
पर इच्छा का यह सफल सत्र।

उदित उदय के प्रकाश पुंज
भर लें झोली ओ' ज्ञान कुंज
शिक्षा के ज्ञान, ध्यान, कर्म, कृत
कर अपने जीवन का व्योम अनंत।

गति चक्र, खान-पान, योग का
ध्यान चेतते गुरु मातृ-पितृ वृंद
छंद, रंजन औ विषयों का मनन
चलता रहता ये तारतम्य।

प्रातः भाष वंदन, अपराह्न गणित का मंथन
कंठस्थ विज्ञ, सामाजिक अध्ययन
जीवतंतु, संगणक का निरंतर चिंतन
समय पर दोहराव औ मानसिक मंथन।

ले उधार शिक्षा का मानधन
गुरू माता-पिता को, कर नमन
शिक्षा तो है जीवन भर का धन
पार कर दशम से द्वादश तक का चरण।

**मेघा आपटे**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव

14

# एक पेड़ माँ के नाम

चिंताएं सब मिट जाएंगी,
बन जाएंगे सारे काम,
बस, एक पेड़ माँ के नाम !

फल-फूल भरपूर मिलेंगे,
मुरझाए सब चेहरे खिलेंगे,
ऑक्सीजन की कमी ना होगी,
घट जाएंगे इसके दाम,
बस, एक पेड़ माँ के नाम !

राहगीर को छाँव मिलेगी,
एक नहीं हर गाँव मिलेगी,
पक्षी इन पर कलरव करेंगे,
हर सुबह, हर शाम,
बस, एक पेड़ माँ के नाम !

पेड़ लगेंगे ताप घटेगा,
धरती का संताप घटेगा,
जहाँ जगह हो पेड़ लगाएं,
चर्च, गुरुद्वारा,भगवन धाम,
बस, एक पेड़ माँ के नाम !!

**डॉ. अरविंद कुमार शर्मा**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र.4, दिल्ली छावनी

15

# माँ, पेड़ और मिशन लाइफ

एक वृक्ष था—
जैसे माँ की गोद, स्नेह से भीगा,
धूप में छाँव, रातों में दीपिका।
हर मोड़ पर थामा उसने हाथ,
बिना कहे सिखा गया हर बात।

उसकी हर शाख थी एक कहानी,
हर पत्ता — जैसे जीवन की रवानी।
गर्म हवाओं में भी मुस्काया,
बिना शिकायत, बस निभाया।

अब वो वृक्ष है कुछ झुका हुआ,
वर्षों का अनुभव उसमें बसा हुआ।
शाखों में थकान, मगर जड़ों में शक्ति,
माँ जैसी ममता, गहराई में भक्ति।

हर ऋतु में जो देता था छाया,
अब खुद भी शीतल हवा को पाया।
मगर हर लहराती शाखा आज भी कहती—
"जीवन है सेवा, जीवन है सेवा।"

वो कहता—
"प्रकृति से प्रेम करो,
हर निर्णय में संतुलन भरो।
मिशन लाइफ को बनाओ शैली,
इसी में है जीवन की असली कहानी"

जब टूटी उसकी कोई डाली,
वो रोया नहीं, बनी प्रेरणा हर क्यारी।
सिखा गया—
"संरक्षण हो संस्कार हमारा,
प्रकृति न हो कभी पराया सहारा।"

माँ की तरह, वह मौन सिखाता,
हर पत्ती में करुणा जगाता।
वो बना शिक्षक, वो बना ध्येय,
जैसे KVS में संस्कारों का प्रवाह अजेय।

शिक्षा मंत्रालय का संदेश यही—
"प्रकृति से हो जीवन की गहन प्रीति।
मिशन लाइफ बने जीवन शैली,
जहाँ सह-अस्तित्व हो हमारी असली लाली।"

केन्द्रीय विद्यालय संगठन और भारत सरकार—
बचपन से बोते हैं वे बीज अपार।
संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व, सतत विकास—
यहीं बने शिक्षा का अनमोल प्रकाश।

कहता है वृक्ष —
"मैं वृद्ध सही, पर चेतन हूँ,
हर सीख में आज भी नूतन हूँ।
आओ, थामो प्रकृति का हाथ,
इसी में है जीवन, इसी में है साथ।"

**संदीप कुमार शर्मा**
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी. श्रीकोना, सिलचर

16

# धरती माँ का श्रृंगार करें हम

धरती माँ का श्रृंगार करें हम, वृक्षों के परिधान से !
जागृत करें सभी को हम "एक पेड़ माँ के नाम अभियान" से ।
नारे, बातें बहुत हो गईं बातों का अब दौर गया ।

धरती माँ तो सब सह लेगी पर हम से सहा ना जाएगा
बाढ़, भूकंप, गंदी वायु से हम सबका जीवन जाएगा
अपने जीवन को लहलहाने हेतु धरती का पेड़ों से श्रृंगार करें
"एक पेड़ माँ के नाम" अभियान को साकार करें ।

प्लास्टिक के खतरों से हम सब अनजान नहीं
कूड़ेदान तक पहुँचा देना इसका यह तो कोई इलाज नहीं
और जला डालना तो सीधे मौत को दावत है
जाने इस कटु सच को, औरों को भी बताएँ हम
प्लास्टिक को न कहने की आदत को अपनाएँ हम

नारे-वादे बहुत हो गए, प्लास्टिक को हटाएं हम
कपड़े, जूट के थैलों को अब शान से अपनाएँ हम
धरती माँ का श्रृंगार करें, वृक्षों के परिधान से !
जागृत करें सभी को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान से ।

**विभा रानी**
प्राचार्या
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खानपुर

17

# पेड़ और पर्यावरण

हरियाली की शान हैं पेड़,
धरती के वरदान हैं पेड़,
साँसों की ये जान हैं पेड़,
जीवन का सम्मान हैं पेड़
छाया देते धूप में पेड़,
फल-फूलों का दान हैं पेड़
पक्षी गाते गीत यहाँ,
इनसे ही है मुस्कान यहाँ।

वृक्ष कटें तो सूखी हवा,
धरा हो जाए बेरवा।
बिन पेड़ न वर्षा आए,
सूखा और अकाल सताए।
पेड़ लगाओ, जीवन पाओ,
हरियाली फिर लौटाओ।

पर्यावरण का यही संदेश,
पेड़ बचाओ, यही आदेश।
चलो मिलकर प्रण ये लें,
हर वर्ष कुछ पौधे लगाएं
धरती माँ का मान बढ़ाएँ,
हर पेड़ को भगवान बनाएँ।

**जानकी शरण**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अंबिकापुर

14

# हे भारत

वेगवान हो, वीर्यवान हो, हो विचारवान हे भारत।
है खड़ा दशानन खड्ग लिए, तुम जय युवान हो हे भारत॥
तुमको व्यापक भरमाने को, हर तरफ यहाँ हैं दूत खड़े।
काकोदार तुम्हे बनाने को, हर पग शत्रु के पूत खड़े॥
लेकिन तुम बनना नीलकंठ, सब विष पी जाना हे भारत।
गर किरण सुधापि हो न सको, तुम शलभ होना स्वीकार करो।
जब चारों ओर हो हाहाकार, तुम हो तटस्थ हुंकार भरो।
गर तुम वितान जो बन न सको, तो विहग हो जाना हे भारत।
हाँ, कष्ट बहुत हैं जीवन में, आराम से मृतक ही सोता है।
स्वविवेक, धीर, गंभीर ज्ञान को, मानव महान ना खोता है॥
गर चक्र सुदर्शन हो न सको, तुम चक्रव्यूह विस्तार करो।
ना पार्थ बनो, ना कर्ण बनो, अभिमन्यु होना हे भारत।

**दीपशिखा गढ़वाल**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सी.एम.एम. जबलपुर

19

# मेरा देश महान है

भीम, भगत सिंह, आजाद-गाँधी और सुभाष की आन है।
अमिट-अभेद्य-अविचल रहें, ये मेरा देश महान है।
सीने पर गोली खाकर, फिर भी मुख पर मुस्कान है।
भारत माता की रक्षा करते, शहीद हुए वें जवान है।
अमिट-अभिद्य अविचल रहे ये मेरा देश महान है।

मानवता की बात कहे जो, सब धर्म समान है।
फिर क्यों द्वेष विकार से, मानव करता अपमान है।
अमिट-अभिद्य-अविचल रहे, ये मेरा देश महान है।

दिया संविधान ने न्याय-स्वतंत्रता, समानता का अधिकार है।
भूख-प्यास से व्याकुल रहें जनपालक किसान हैं।
अमिट-अभेद्य-अविचल रहे ये मेरा देश महान है।

भाषा, सांस्कृतिक विविधिता का, मिला प्रकृति का वरदान है।
अमिट-अभेद्य-अविचल रहे, मेरा गणतंत्र देश महान है।

**अनिल कुमार मौर्य**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 एफ.सी.आई. गोरखपुर

20

# सबसे प्यारा देश हमारा

सबसे प्यारा देश हमारा
सभी सुखों की खान है
हर तरफ आनन्द यहाँ पर
अपना भारत देश महान है ।।

वीर प्रसूति भूमि यहाँ की
हर वीर पर अभिमान है
जहाँ सीस चढ़ा दिए माँ भारती को
वह भारत देश महान है ।।

सब धर्मों का संगम यहां
सबका आदर सम्मान है
गंगा-जमुनी तहज़ीब यहाँ की
अपना भारत देश महान है ।।

रसखान को जहाँ कान्हा प्यारे
कलाम को गीता का ज्ञान है
गंगा घाट पर शहनाई गूँजे
बिस्मिल्लाह का देश महान है ।।

हमीदा की सेवइयां प्यारी
सुखमनी की मिठाइयाँ हैं न्यारी
ईद-दिवाली मनती जहाँ अविराम है
सतरंगी रंगों वाला मेरा यह देश महान है

मन्दिर में हरिनाम का गुंजन
गुरुद्वारे की गुरुवाणी का अभिनंदन
मस्जिद की अज़ान है न्यारी
जीसस की प्रेयर बड़ी प्यारी
जहाँ सब धर्मों का सम्मान है
वह भारत देश महान है ।।

जहाँ आये बहुत पर ख़ाक हो गये
लुटेरे मज़हबी विचारों के
जहाँ गांधीवाद का दर्शन प्यारा
वह भारत देश महान है ।

जहाँ सत्य, अहिंसा का प्रिय नारा
जहाँ मानव धर्म का सार है
जहाँ प्रकृति का पूजन होता
यह ऐसा हिंदुस्तान हैं ।।

**कमल कुमार मीणा**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय एन.एच.पी.सी. धारचूला

21

# ऐसे उत्सव, ऐसी खुशियाँ

मन से मन का मेल बढ़ाते, खुशियों की सौगात है लाते
उत्सव ये भारत के अनगिन, जाति धर्म का भेद भुलाते।
नृत्य-गान की धूम मचाते, भारतवासी हंसते गाते
बिहू, पड़वा, ओणम आदि, नयी फसल का स्वागत करते।

होली, राखी, शिवरात्री और दीपावली मनभावन
लक्ष-लक्ष दीपों से उजला, यहाँ-वहाँ घर आँगन।
आसमान में चाँद-सितारा, उनकी करें इबादत
मुस्लिम भाई एक-दूजे को, कहते ईद मुबारक।

सांताक्लॉज का जिंगलबेल, उपहारों की रेलमपेल
मदर मेरी या हो जीजस, मेरी क्रिसमस मेरी क्रिसमस।
देश की रक्षा की ख़ातिर, जिन का जीवन हो चंदन
स्वतंत्रता गणतंत्र दिवस पर, करलो उनको वंदन।

ऐसे उत्सव ऐसी खुशियाँ
खिल जाती भारत की हर गलियाँ॥

**अभया देशपांडे**
प्राथमिक शिक्षक (संगीत)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रेंजहिल्स, पुणे

22

# ऑपरेशन सिंदूर

खून बहा जो पहलगाम में भारत गुस्से से हुआ चूर,
मिटा दी दुश्मन की हस्ती लो आया ऑपरेशन सिंदूर।

क्या गलती थी उन लोगों की जो आए थे प्यारे कश्मीर,
अपने वतन का हिस्सा है, वो सुंदर है जिसकी तस्वीर।

नाम पूछकर धर्म को जाना क़त्ल-ए-'आम किया भरपूर,
खून बहा जो पहलगाम में भारत गुस्से से हुआ चूर।

हम वो हिन्दुस्तानी हैं जो दुश्मन को करते हैं न माफ,
अगर दोबारा की हरकत तो नक्शे से हो जाओगे साफ।

ये देश है वीर जवानों का और यहां के सैनिक शूर,
मिटा दी दुश्मन की हस्ती लो आया ऑपरेशन सिंदूर।

भारत के हर हिस्से को हमने बड़े जतन से सजाया है,
सारे धर्म के बीच साथियों प्यार ही प्यार समाया है।

रुक जाओ; बेरहम कातिलों हो जाओ बंदूक से दूर,
वरना फिर मटियामेट करेगा भारत का ऑपरेशन सिंदूर।

**दिनेश यादव**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय तिरुमलगिरि

23

# हम पंछी आज़ाद वतन के

हम पंछी आज़ादा वतन के,
नया तराना गायेंगे।
सेवा के पथ पर सब साथी
मिलकर कदम बढ़ायेंगे।
हम पंछी...

आसमान से दूर गगन तक
देश का नाम करेंगे हम
मस्तक ऊँचा हो भारत माँ का
माँ वो काम करेंगे हम।
अपने सद्कार्यों से जग में,
देश का मान बढ़ायेंगे।
सेवा के पथ पर सब साथी
मिलकर कदम बढ़ायेंगे।
हम पंछी...

कर्म ही अपनी पूजा है,
और श्रम से हमारा याराना,
और सफलता का रहस्य है
अनुशासन हमने जाना।
दृढ़ निश्चय का मंत्र हो
फिर जो चाहेंगे वो पायेंगे।
सेवा के पथ पर सब साथी
मिलकर कदम बढ़ायेंगे।
हम पंछी...

ना केवल अपने हित
अपितु सबके हित का ध्यान रहे,
पशु-पक्षी के साथ प्रकृति के,
मानवता का द्वंद्व मिटे।
ईश्वर की हम श्रेष्ठ हैं रचना,
साबित कर दिखलायेंगे।
सेवा के पथ पर सब साथी
मिलकर कदम बढ़ायेंगे।
हम पंछी...

**पंकज कुमार तिवारी**
प्राथमिक शिक्षक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अम्बिकापुर

24

# समय का महत्व

समय एक नदी की तरह बहता है,
हर पल नई राह दिखाता है।
कभी धीमा, कभी तेज़, लेकिन कभी रुकता नहीं,
यह केवल चलता है, चलता ही जाता है।

समय में छिपी होती हैं अनगिनत कहानियां,
कुछ बीती, कुछ आने वालीं यादें- जो समझे इसे, वह सच्चा विजेता बनता है,
जो इसके साथ चलता, वही सच्चा रास्ता पाता है।

वह दिन भी आता है जब समय पर हमें भरोसा होता है,
कभी मिलती है सफलता, कभी सीखने का मौका होता है।
बुरा वक्त आता है, तो समय ही उसे सुलझाता है,
और अच्छे वक्त में समय ही उसे सहेजता है।

कभी लगती है रात लंबी, और दिन बहुत छोटा,
लेकिन समय ही सिखाता है, सब कुछ है पल भर का।
जो आज तुम करते हो, वही कल तुम्हारी पहचान बनेगा,
समय कभी नहीं रुकता, यह तो तुम्हारी यात्रा का हिस्सा है।

समय को समझो, न खोओ इसे,
ये अमूल्य रत्न है, जानो इसे।
यह वो पल है, जो फिर कभी लौट कर नहीं आता
हर घड़ी अनमोल है, ये समझ में तब आता है
जब समय हाथ से फिसल है जाता।

**हरमीत सिंह**
कनिष्ठ सचिवालय सहायक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय से.12, द्वारका

25

# लक्ष्य का पथ

जीवन की उलझी डोरी हो
रेखा भविष्य की कोरी हो
डगमग विश्वास लगे मन का
इच्छाओं का विलसित तन हो,

तब ध्येय, लोक में आने का
अविचल गति से फलते जाना
बाधाएं आएं आने दो
कर एक लक्ष्य चलते जाना है

जब लगे कहीं निरूपाय हृदय
शीतलता हो भुजदंडों में
जब नयन थके विश्राम कहें
पर मन हो लक्ष्य तरंगों में,

है वही रास्ता माझी का
जो काट निकाले पाहन को
तुम बना लेखनी इस्पाती
जलते जाना ढलते जाना,

उत्कीर्ण हुए जो नाम अमर
इतिहासी पथ पर गए उभर
प्रेरक हो राष्ट्र समर्पण का
इस आशा से स्वातंत्र्य समर
हमको ही मूल्य चुकाना है
यह विश्वगुरु चमकाना है
शोणित को स्वेद बना करके
कंटक पथ पर चलते जाना, बाधाएं आएं आने दो
कर एक लक्ष्य, चलते जाना है

**वीरेश कुमार पाण्डेय**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय 59 वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा, बहराइच

26

# कितना कठिन है सरल हो जाना

कितना कठिन है सरल हो जाना,
मन की ख़ुशी को हँसी में दिखाना,
दिल के दर्द को आँसुओ में बहाना।

कितना कठिन है सरल हो जाना,
अपनी गलती पर स्वयं को उत्तरदायी ठहराना,
दूसरे की भूल को मन से पूरा मिटाना।

कितना कठिन है सरल हो जाना,
सच को मानते हुए साथ खड़े हो जाना,
झूठ को जानते हुए उसे आईना दिखाना।

कितना कठिन है सरल हो जाना,
प्यार है तुमसे तुम्हें ये बताना,
परेशानी में तुम्हें गले से लगाना।

कितना कठिन है सरल हो जाना,
बात को अपनी सीधे शब्दों में कह जाना,
उलझी गुत्थियों को समझदारी से सुलझाना।

कितना कठिन है सरल हो जाना,
अनुकूल परिस्थितियों में गिरने से बचना ,
प्रतिकूल परिस्थिति में अडिग बने रहना।

कितना कठिन है सरल हो जाना,
रूठे को मनाना, रोते को हँसाना,
कितना कठिन है सरल हो जाना।

**संगीता ज़ैदी**
प्राचार्या
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मुरादाबाद

27

# जिजीविषा

ओ आकाश!
तुम फट पड़ो चाहे
पर, तुम खत्म कर सकोगे क्या
धरती की उर्वरा शक्ति को
बार-बार शस्य-श्यामल हो
सृजित होता रहेगा जीवन

ओ कालकूट!
तुम्हें रख लूँगा हलक में
उतर सकोगे न उदर में न उगलूँगा बाहर
मैं जीवित रहकर बचा लूँगा
कितने ही जीवन

ओ वेदना!
न तुम मृत्यु से बड़ी हो
और ना जीवन से
अनवरत, असफल यह मन
हार नहीं सकता तुमसे
क्योंकि हर संघर्ष से बड़ी है
मेरी अनंत, अटूट,
अदम्य जिजीविषा।

**डॉ. सत्य प्रकाश व्यास**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 इंदौर

28

# मैं पाठ पढ़ाने आई थी, तुमने जीवन पढ़ा दिया

तुम जब पहली बार मिले थे मुझसे,
इस विद्यालय के प्रांगण में।
तुम देख रहे थे बस इधर-उधर,
कुछ उलझन थी तुम्हारे मन में।

मैंने देखा-तुम सबसे अलग थे,
हर सोच और व्यवहार में।
तुम्हारा हर डर, हर झिझक,
मेरे लिए एक सीख थी।

मैं पाठ पढ़ाने आई थी,
तुमने जीवन पढ़ा दिया।
मैंने किताबें खोली थीं,
तुमने आईना दिखा दिया।

मैंने सोचा था, मैं सिखाऊँगी,
पर तुमसे ही तो सीखा मैंने।
हर बच्चा एक दुनिया है,
ये सच दिखलाया है तुमने।

मैं अब शिक्षक नहीं रही,
मैं अब सीखने लगी हूँ।
समावेश मात्र विषय नहीं,
अब मैं इसमें ढलने लगी हूँ।

**नीलम कुमारी**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ झपहां, मुजफ्फरपुर

29

# अपना गाँव

सड़कें बस्ती गली मोहल्ले सब है पर ठांव नहीं,
पर्वत ताल नदी जंगल सब है पर अपना गाँव नहीं ।।
जीवन सर्कस मन बस आहत सब कुछ सहते जाते है,
बिन मंज़िल बस चलता जीवन पर कोई ठहराव नहीं ।।
कड़ी प्यास में मर-मर के एक आस जगाते जीवन की
लगे दौड़ने सपनों की खातिर देखा तो एक पाँव नहीं ।
अपने खोकर सपने बुनकर मंज़िल हमने पाया है
प्यार बांटकर देख लिया अब रिश्तों का कोई भाव नहीं ।।
कठिन राह है दूर लक्ष्य है फिर भी पार उतरना है
यत्न सदा करता रहता हूँ पर भवसागर में नाँव नहीं ।

**डॉ. सगीर अहमद**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय एफएनआर गुवाहटी

30

# अत्यधिक अधिकता

कभी-कभी रूखे भी हो, अतीव सरलता ठीक नहीं
सरल विटप कट जाते हैं, सर्वदा सज्जनता ठीक नहीं ।।
अगर करे आहट कोई और
क्षमा निरंतर करते हो,
नहीं बड़प्पन माने पर
आहत ही करते रहते वो,
अजब चलन है दुनिया का, सर्व सहज सुगमता ठीक नहीं ।
सागर खाली हो जाता, अतिरेक मधुरता ठीक नहीं ।।

माना अहम दोष व्यापक,
अच्छाई से है दूर जरा,
स्वाभिमान का रूपांतर ही
जब होता मगरूर जरा,
स्वाभिमान से सुलह नहीं, पर अहम प्रचुरता ठीक नहीं ।
मर्यादित अनुशासित हो पर भूरि सौम्यता ठीक नहीं ।।

हृदय हमारा कोमल वन
हरियाली सदा बचाना तुम,
किसी को ऊष्मा देने को
इसमें मत आग लगाना तुम,
भावुकता बेमोल यहां, खल हेतु मृदुलता ठीक नहीं ।
न्यायोचित जैसे को तैसा पर सदा निठुरता ठीक नहीं ।।

सहज रहो उपलब्ध अगर
नाकारा समझे जाओगे,
हुए अगर प्रतिकूल कभी
गुब्बारा तब कहलाओगे,
जीवन का कौशल दुष्कर, पर निठुर कुशलता ठीक नहीं ।
मध्यम मार्ग सदा बेहतर, अत्यधिक अधिकता ठीक नहीं ।।

**सुमन सिंह**
स्नातकोत्तर शिक्षक (अंग्रेजी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय संभाजीनगर छावनी

31

# सपने उनके सच होते हैं

सपने उनके सच होते हैं,
जो बोते बीज विश्वास का
श्रम से उसको सींच निरंतर,
काटते जो रोज़ आलस की खरपतवार,
स्वच्छ रखे अपने आचार-विचार,
और अनुशासन की धार पर सोते हैं,
सपने उनके सच होते हैं।

करते सद्वचनो का अनुसरण,
आदर्शों के जीवन से ले प्रेरणा,
समझे जो सुभाषितों को जीवन का सार
बहते जाएँ जैसे नदियाँ की धार,
और सीप के मुख में खुद मोती पिरोते हैं,
सपने उनके सच होते हैं।

चाहे हो कड़ी धुप, चाहे अँधेरा घना
गरजे बादल तूफानी, चाहे हो सामने पर्वत खड़ा
लू के थपेड़े सनसनाए या सर्द हवाएं लहराएँ,
हो सिंह का गर्जन या मृत्यु का नर्तन
रोक न सकती जिनको दुर्बलताएं
अड़कर लेते लोहा और नहीं भाग्य पर रोते हैं
सपने उनके सच होते हैं।

हो जाता व्योम प्रदीप्त जब,
लाती मद्राचल की गति सागर में ज्वार तब,
कालकूट का तिमिर मिट जाता है,
असंभव संभव हो जाता है,
और लिए अमृत कलश प्रकट देव तब होते हैं,
सपने उनके सच होते हैं,
जो बोते बीज विश्वास का

**दिप्तीकीर्ति दास**
स्नात्तकोत्तर शिक्षक (अंग्रेजी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पतरातू

32

# बारिश का मौसम

बारिश का मौसम और खिड़की के बाहर का दृश्य
दोनों ही मनमोहक होते हैं
कभी घने बादल, कभी साफ मौसम की बारिश
दोनों ही पृथ्वी को भाते हैं।

छज्जों से टपकती बूंदें और बारिश की फुहारों का गुनगुनाना,
चिड़ियों का खिड़कियों और रोशनदानों पर आकर चहचहाना
जब ये दृश्यों का संयोग आंखों में तैर जाता है,
मन को अत्यधिक प्रफुल्लित और प्रसन्नचित कर जाता है।

ये अभी पिछले तीन दिनों की बात है,
मैं अकेला खिड़की के समीप बैठा करता था
सड़क खाली, यातायात ठप, बाजार सुनसान
बस खुद से ही यही बातें किया करता था।

कि...

कहां और कैसे रहते होंगे ये पशु और पक्षी
कब और क्या खाते होंगे ये मूक जीव प्राणी
क्या वे भी निराश होते होंगे जैसे हम शीघ्र चिढ़ जाते हैं
प्रकृति के इस कृत्य से तुरंत परेशान हो जाते हैं।

वैसे...

अमीरों को बहुत भाती होंगी ये लंबी बारिश
न रहने-खाने की चिंता, ना पैसे का दुःख
खान-पान, गान-बजान, हँसी-ठिठोली और
आनंद के साथ मिलता होगा अपनों का सुख

लेकिन...

जब बात गरीबों की, दैनिक मजदूरों की आती है
तो शरीर सुन्न और मन विचलित सा हो जाता है,
क्योंकि उनको घर चुभता होगा, चूल्हे बुझे पड़े होंगे
आखिर वे क्या कह कर अपने बच्चों को समझाते होंगे।

लगातार बारिश होना भी कितना कष्टदायी होता है
कच्ची सड़कें, मिट्टी का घर और आम जन जीवन त्रस्त होता है
गरीब और किसान गहरी चिंता में डूबे जाते हैं,
और हम खिड़कियों के पास बैठकर बारिश का आनंद लिए जाते हैं।

**विद्यासागर आर्य**
कनिष्ठ सचिवालय सहायक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोमोह

33

# पिता

पिता जब थे तो उतने नहीं थे
जितने के अब हैं
पहले उनके होने का एक टाइम होता था
एक नियम होता था।
नहाना-धोना
पूजा-पाठ
उठना-बैठना
आना-जाना
कब कहाँ होंगे
कब घर से जायेंगे
कब घर आयेंगे
सब तय था।

हमारी बदमाशियों पर उनकी डाँट,
देर तक सोते रहने पर नसीहतें,
और उनकी कुछ तय सूक्तियाँ थीं,
अनगिनत कहानियाँ थीं
जिनको बिना किसी काँट-छाँट के अपने बच्चों को
सुनाता हूँ
आज वो नहीं हैं, तो
कुछ भी तय नहीं है
वो कभी भी आ जाते हैं
किसी भी दिशा से आ जाते हैं।
वक्त बेवक्त कुछ भी नहीं देखते हैं
बस आ जाते हैं
नसीहतों हिदायतों की झड़ी लगा जाते हैं
डाँटते तो पहले से भी ज़्यादा हैं।
जब मैं बच्चों की ज़िद से झल्ला जाता हूँ तो
मेरे जेहन में मुस्कुरा जाते हैं।
उनका मुस्कुराना किसी मरहम से कम नही है।
पर, पिताजी मैं नहीं चाहता आप मेरे ऊपर हँसे
मैं आपके पदचिह्नों पर ही तो चल रहा हूँ
जानकर अनजान बन जाता हूँ
नदी किनारे की चट्टान बन जाता हूँ
घुलता रहता हूँ
रेत बनकर बहता रहता हूँ
कब तक टिका रहूँगा
कह नहीं सकता।
जितना आपने सहा उतना
सह नहीं सकता।

आपने कितना कुछ सहा था,
पर कब किसी से कहा था ?
भीतर ही भीतर दुख को पी लेते थे
घनघोर तूफान में भी जी लेते थे
मैं अब भी नहीं सीख पाया हूँ ये कला
न सिखाकर मुझे क्यों छला ?
खैर तब नहीं सिखाए तो अब सिखाइए
कोई भी राज मुझसे न छिपाइये
आपके बिना कैसे आगे बढ़ पाऊँगा
दुनिया बड़ी ही कठोर है
कैसे इससे लड़ पाऊँगा !

**चिंता मणि सिंह**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 बोकारो

34

# किताबें

किताबें हमारे जीवन की साथी हर पल साथ निभाती हैं
आत्मनिर्भर हमें बनाती जीवन में काम ये आती हैं।
किताबें ही रूबरू कराती सृष्टी के हर विषय से
समान ज्ञान प्रदान कराती भेद न करती व्यक्ति से।

किताबें ही करती समृद्ध जीवन के स्वरूप को
किताबें ही है निर्मित करती व्यक्ति के हर रूप को।
ज्ञान संवेदना और कौशल किताबों से ही अर्जित हैं
भेद, ईर्ष्या, लोभ, द्वेष, अवगुण इनमें वर्जित हैं।

विज्ञान गणित कला इतिहास समाये इसके पन्नों में
भूगोल साहित्य अर्थशास्त्र वाणिज्य शामिल इनके हिस्सों में।
भाषा के हर पहलू को किताबें ही व्यापक बनाती हैं
तकनीकी के उच्च स्तर को किताबें ही विस्तार कराती हैं।

साक्षारता की नींव किताबें सफलता का आयाम किताबें
ज्ञान का आधार किताबें समाज का सम्मान किताबें।
बुद्धि के हर स्तर को किताबें ही पुष्ट बनाती हैं।
किताबें हमारें जीवन की साथी हर पल साथ निभाती हैं।

**सोनू कुमार**
कनिष्ठ सचिवालय सहायक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय से. 28, रोहिणी

35

# संघर्ष

संघर्षों की नैय्या खेकर
पार सभी को जाना होगा
जब तक सांसें धड़कन हैं
प्रयास मंत्र का गाना होगा,
सूर्य किरण से ऊर्जा लेकर
मुख पर चांद खिलाना होगा।

लहरों के संग तो शव बहतें हैं
विपरीत धार में बहने वाला
जल पर जीवन लिख जाता है,
तो हार नहीं कुछ भी जीवन में
शब्दों का केवल ताना बाना है
जीत गए हो सब कुछ क्यों न
सौ हार गले में लगाना होगा
तुम चक्रव्यूह के अभिमन्यु हो
हर द्वार पे तुमको लड़ना होगा।

**मनीष कुमार शर्मा**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय नर्मदानगर

36

# मन की बात

कहै युवराज जथा मति-वाणी, करहुँ कृपा हे वीणापाणी !
**अथ 'मन की बात'**

जन-जन से संवाद को, मंगलमय शुरुआत।
मोदी जी करने लगे, हमसे मन की बात।

अक्टूबर तृतीया,
भाव उठत मन माँहि जब।
मन की बात अनूप,
होय परस्पर कथन तब।

भारत स्वच्छ होय प्रण मोरा, सुख-समृद्धि होय चहुँ ओरा।
कचरा कंचन होय सुजाना, गोवर्धन इंदौर प्रमाण।
जल-संग्रह कीजिए विधि नाना, भूजल होय भविष्य के प्राना।
नारी-शक्ति महत्व बतावा, विविध प्रशिक्षण शिविर चलावा।
जब भय मुक्त परीक्षा होई, अधिगम सुगम बनावहि सोई।
पीएम श्री विद्यालय कीन्हा, शिक्षा नीति छात्र-हित दीन्हा।
नूतनवर्ष सुमंगल होई, नाम अनेक भाव सम होई।
उपजे पुष्प वनस्पति नाना, अंतरिक्ष उपवनहि समाना।
भार अधिकता घातक होई, कम घृत-तेल स्वास्थ्यकर सोई।

योग-प्रयोग लाभप्रद जाना, महिमा सकल जगत पहिचाना।
खेलकूद सबके मन भावा, 'खेलो इंडिया' नाम कहावा।
बस्तर ओलंपिक मनभावन, कीन्ह शुभंकर 'नैना' पावन।
'जन-औषधि' पावा सब कोई, अल्प मूल्य, अमृत-सम होई।
कृष्ण-कमल कुसुमहि मुसकाई,'नगर-एकता' सबहि सुहाई।
मानहुँ लंक-विजय तेही कीन्हा,'मित्र-विभूषण' गौरव लीन्हा।
कंबन सेतु प्रयोग नवीना, राजकाज किय होहि प्रवीण।

नाम 'सिंदूर' आक्रमण भारी, भारत सैन्य शक्ति भयकारी।
पुनि  ब्रह्म्मोस शत्रुक्षय कीन्हा, मारहिं ड्रोन दर्प सब छीना।
भय बिनु प्रेम होय नहीं भाई, जगत सुने तामे प्रभुताई।

जाके मन उपजै नहीं, राष्ट्र प्रथम का मंत्र।
वाणी निरर्थक जानिए, भग्न मानिए तंत्र।

**युवराज कुमार शर्मा**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 इंदौर

37

# जीवन गीत

जीवन गीत गाते चलो
मधुर संगीत सुनाते चलो
सफ़र का सुर लिए चलो
जीवन आनंद गाते चलो

सुगन्धित बगिया से महकाते चलो
फूलों के रंग बिखराते चलो
भौरों के संग गुनगुनाते चलो
तितली से मन बहलाते चलो

सुरज से चमकते चलो
जग में रोशनी फैलाते चलो
तारों से मुस्कुराते चलो
चांद सी सादगी भरके चलो

पहाड़ों से महान बने चलो
चढ़ाई में मजबूत बने चलो
ढलानों में धीरज धरे चलो
नदी से निर्मल बहते चलो

खेतों से लहराते चलो
पेड़ों से बलखाते चलो
हवा से ताल मिलाते चलो
जीवन गीत गाते चलो।

**संजय कुमार**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय पाटण

38

# एक अनूठा माँ का प्यार

शब्द संकुचित हो जाते हैं, अर्थों का होता विस्तार।
ऐसा ही होता है जग में, एक अनूठा माँ का प्यार।।

त्याग, समर्पण, स्नेह , वत्सला, देवी की मूरत होती है।
आपत्ति में साथ न छोड़े, माँ तो माँ ही होती है।।

स्वार्थ निरत है यह जग सारा, माँ का बस अपना परिवार।
ऐसा ही होता है जग में, एक अनूठा माँ का प्यार।।

खुद के पेट को काट-काट कर, आजीवन वो पालती है।
दुःख चाहे हो जीवन में पर, सुख की राह ढालती है।।

सच्चा माँ जैसा न कोई, माँ होती घर का श्रृंगार।
ऐसा ही होता है जग में, एक अनूठा माँ का प्यार।।

बड़े भले ही हो जाएं हम, माँ की नज़र में छोटे हैं।
चिन्ता में कभी नींद न आए, तो गोद में माँ की सोते हैं।।

हर संकट से पार कराए, माँ जीवन की है पतवार।
ऐसा ही होता है जग में, एक अनूठा माँ का प्यार।।

नज़र उतारे, राख लगाए, माथे को फिर चूमती है।
बच्चों के चेहरे पर माँ बस, सदा खुशी ही ढूंढती है।।

देखो माँ के प्यार के आगे, है झूठा सारा संसार।
ऐसा ही होता है जग में, एक अनूठा माँ का प्यार।।

**डॉ. प्रीतम पोखरियाल**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पुष्प विहार

39

# मेरा पहला कदम स्कूल की ओर

माँ, मेरा पहला कदम जब स्कूल में पड़ा,
डर और उलझन का बादल मन पर चढ़ा।
आशा थी कोई अपनों सा साथ दे,
तभी द्वार पर टीचर मिलीं — जैसे तू खड़ी रहे।

तिलक किया माथे पर, मुस्कुराकर बोली,
तेरी तरह ही ममता में शब्द वो घोली।
उसने पकड़ी मेरी ऊँगली चुपचाप,
डगमग पाँव को मिला सहारा आप।

मन में थोड़ी रौशनी, डर थोड़ा कम हुआ,
तेरी छाया-सी कोई पास कदम-दर-कदम हुआ।

नए चेहरे दिखे, नए भाव नजर आए,
कुछ जैसे अपने, कुछ थोड़े सकुचाए।
कुछ डरे-सहमे,  कुछ चुप से खड़े,
कुछ बोलते खूब — जैसे मन में सजे।

बातों में उलझे, मुस्कानों में घुले,
कुछ दोस्त बने — दिल के इतने खुले।

माँ, तेरी ममता की छाया सी लगी,
स्कूल भी अब अपना सा लगा।
तेरा आशीर्वाद बन कर साथ चला,
मेरा पहला कदम, सपनों की ओर बढ़ चला।

**सीमा चौधरी**
मुख्य अध्यापिका
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जीरकपुर

40

# नवसृजन का पर्व

तिनका-तिनका जोड़ भावनाओं का,
बनाऊंगी एक घर कल्पनाओं का,
बनी होगी नींव जिसकी मेरे प्रयासों की,
खड़ी होंगी दीवारें उसपे मेरे कयासों की,
हमारी सफलता की उसपे छत पड़ी होगी,
विद्या के नये सफर पे जिंदगी खड़ी होगी।
उस घर को संस्कारों के फूलों से सजाऊँगी,
दूसरों की पीड़ा मिटा खुद को जोड़ पाऊँगी,
दरवाज़े पे अनुशासन का किवाड़ लगाऊँगी,
आदर्शों की चौखट पे दीप जलाऊँगी।
वादा है, बिखरने न दूँगी विश्वास की डोर,
बस तुम दे दो एक अवसर, एक छोर।
उस आँगन में पुस्तकों की छाया होगी,
जहाँ हर बच्चे में ज्ञान की माया होगी,
जहाँ शिक्षक बनें दीपक और पथदर्शक,
और विद्यार्थी हों देश के उज्ज्वल मार्गदर्शक
चलो, इस घर को अब नाम दे दें,
'केन्द्रीय विद्यालय' का अभिमान दे दें,
जहाँ सीखना हो जीवन का उत्सव,
और हर दिन हो नवसृजन का पर्व।

**शिवम कुमार सिंह**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय क्र.1, जिपमेर कैंपस, पुडुचेरी

41

# किस भाषा में बताऊँ

कितना सुंदर, अद्भुत, निराला, मनमोहक, ये दुनिया का कोना-कोना,
समझ में आए दुनियाँ मुझको, पर समझा किसी को पाउँ ना।
ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

रंग-बिरंगी बगिया में फूल, तितलियों का इतराना,
और कैसे बयाँ करूँ उन, भौंरों का गुनगुनाना।
कितना सुंदर! ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

नीला आसमां, खुला गगन है, पंछियों का उड़ना,
चाँदनी रात की भूरे बादल पर, चाँद-तारे हैं गहना।
कितना अद्भुत! ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

लहरी वादियों की चोटी पर, इंद्रधनु का मंडराना,
हिमालय पर सफेद बर्फ का धीरे-धीरे गिरना।
कितना मनमोहक! ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

गाँव की गलियों में देखो, बच्चों का शोर मचाना,
पिट्ठू, खो-खो, गिल्ली-डंडा,
दूल्हा-दुल्हन- खेल-खिलौना।
कितना मजेदार! ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

भूख से नन्हे बालक का रोना, बछड़े के पीछे गैया का दौड़ना,
माँ का गुस्सा -कान मरोड़ना, प्यारी यशोदा मैयाँ की तुलना।
कितनी निराली! ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

पिता के कंधे पर बैठना, पूरे मेले का आनंद उठाना,
मैच बैठकर स्टेडियम में देखना, 'इंडिया इंडिया' शोर मचाना।
कितना जोश! ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

सेना का तेवर, दुश्मन से लड़ना, वीर गति की ना परवाह करना,
हर एक दुश्मन को ढेर करना, आखिरी ख्वाब तिरंगे में लिपटना।
कितना देश प्रेम! ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

कुंभ मेले में डुबकी लगाना, रथ यात्रा पर डोरी खींचना,
तिरुमला को पैदल चलना, अमरनाथ की कतार में चढ़ना।
कितनी भक्ति! ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

हज़ारों लाखों भाषा बोलके, बयां करते भाव अपना,
नसीब वाले जिन्हे आता बोलना,
पर मैं गूंगा देखूँ सपना, बता पाऊँ जो देखी दुनियां।
कितना दुर्भाग्य! ये किस भाषा में बताऊँ, मेरी भाषा किसी को आए ना

**बिश्व बाग़**
प्रशिक्षण सहयोगी
(पुस्तकालय)
आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर

42

# ईश्वर से मेरा नाता

मैं नदी नहीं पानी की धारा हूँ
मैं मूरत नहीं मिट्टी का गारा हूँ
तेरे उपकार व सहयोग से ही
नीलगगन का छोटा सा तारा हूँ

तू मुझमें मैं तुझमें समाया हूँ
मैं कुछ नहीं बस तेरा साया हूँ
तो मोह व माया का मारा  हूँ

तेरी रहमत का कोई पार नहीं
तेरी कुदरत में जीवनसार तो है
तेरे  निर्देशों को आधार बनाकार
इस जीवन में रंग भर लाया हूँ

तू कुम्हार तो मैं तेरा घड़ा जैसा
बिखरी माटी को दिया आकार ऐसा
कि इस जीवन में काम आया तो
इस बात से अपने पर इतराया हूँ

तू माली तो मैं तेरी बगिया जैसा
सींचा है तूने तू है माँ के जैसा
खुशबू और सुंदरता की पहचान बनकर
नवीनता का आभास मैं कर पाया हूँ

मैं कहां था क्या था ये नहीं है पता
मैं के छल में पढ़कर की वो खता
कि मैं उससे निकल ना पाया था
तू ना होता तो मैंने जीवन गवांया था

तुझसे मिलकर ही समझ पाया हूँ
कि हूँ मैं मेहनत ममता की
मैं ही मोहब्बत मानवता हूँ
इस जीवन में अभी तक भरमाया था
कि तुमसे मिलने पर समझ पाया हूँ

**कामिनी सिंघल**
स्नातकोत्तर शिक्षक (संगणक विज्ञान)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जनकपुरी

43

# उड़ान

अरे ओ साथी, मुझे भी उड़ना सिखा दे
छू लूं मैं भी ऊंचाइयां आसमानों की,
युक्ति कोई ऐसी मुझे भी दिखा दे,
अरे ओ साथी मुझे भी उड़ना सिखा दे।

उड़ता जाऊँ  इस अनंत नभ में निर्भीक होकर,
छू लूं सारी हदें इस गगन की मैं मुक्त होकर,
ऐसी कोई तालीम, ऐसी कोई दिशा दे.
अरे ओ साथी मुझे भी उड़ना सिखा दे।

फैलाकर पंख अपने, इस खुले आसमान में उड़ जाऊं,
दे साहस इतना मुझे की आसमानों से भिड़ जाऊं,
पथ पर बढ़ता रहूँ निरंतर तूफानों से भी लड़ जाऊं,
ऐसी ही कोई तरकीब मुझे भी सिखा दे,
अरे ओ साथी मुझे भी उड़ना सिखा दे।

रहूँ हमेशा आगे बढ़ता, मुसीबतों से न घबराऊँ,
कभी ना हारू साहस अपना, कभी न मैं पीछे मुड़ जाऊँ,
ऐसा ही कोई दिव्यांश मुझे भी दिखा दे,
अरे ओ साथी मुझे भी उड़ना सिखा दे।

**रवि कुमार खरेटिया**
प्रधानाध्यापक
पीएम श्री  केन्द्रीय विद्यालय रतलाम

44

# बस यूं ही ...

वो वक्त,
जब तुम तैयार नहीं थे उतरने को मेरी गोद से।
और मैं चाहती थी कि,
कोई और तुम्हें ले जाए थोड़ी देर के लिए,
ताकि मैं कर लूं दुनिया जहान के सारे काम,
और कर लूं सब घर भर को खुश।

वो वक्त...

जब तुम सुनाना चाहते थे मुझे दिन भर की सारी बातें, सारे किस्से।
कहते थे...
पता है मां, आज क्या हुआ ?
आपको पता है ये, पता है वो ...
और मैं कहती थी
रुको जरा
बाद में सुनूंगी
अभी जरा थोड़े घर के काम तो कर लेने दो।

और ...

मैं काम करती रही।
तुम बड़े होते रहे।
और तुम्हारी सारी बातें बाद के लिए जमा होती रहीं।
तुम बाहर जाते, फिर मुझे देखने आते।
कि बस जरा-जरा सी मैं तुम्हें दिखती रहूं।
जैसे कि बस मैं ही तब तुम्हारी दुनिया थी।
और फिर तुम्हारी दुनिया बड़ी होती गई, और
मेरी काम की मजबूरियां भी।

और अब...

जब मैं चाहती हूं कि तुम मुझे बस दिख जाओ।
कुछ कहो, कुछ सुनो, या फिर बस देखने ही आ जाओ।
क्योंकि तुम ही अब मेरी दुनिया हो।
लेकिन अनकहा सा मुझे सुनाई देता है,
मां... बाद में।
और हम दोनों ही जानते हैं कि,
बाद में तो कुछ नहीं होता।

**अर्चना श्रीवास्तव,**
पुस्तकालयाध्यक्ष
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, सीहोर

45

# खुद की तलाश

निकल चला जब खुद की तलाश में तू,
तो क्यों साथी ढूंढ रहा।
चलना अकेले ही है इस राह में,
तू क्यों राह है पूछ रहा।
तू बनना चाहे जोत तो,
पुँज बनके दिखाना होगा।
खुद को रोशन करना बस नहीं,
जग से अँधियारा मिटाना होगा।
जब लक्ष्य पर्वत चीरने का है तो,
पहले पथ पत्थरों को मिटाना होगा।
निकालनी है गर भागीरथी पत्थरों से,
तो तुझे अपना लहू भी बहाना होगा।
एक बार अपना अस्तित्व पानें के लिए,
मिट्टी में तुझे मिल जाना होगा।

**पूनम ठाकुर**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल.धनपुरी

46

# हम विशेष बच्चे

निपुण एवं एफ.एल.एन से युक्त होकर के,
विद्या प्रवेश एवं नई शिक्षा नीति से संयुक्त होकर के,
हम बनेंगे विशेष बच्चे ।।

आदर्श एवं सत्य के पथ पर चल करके,
अपने जीवन में ज्ञान का उत्सव भर करके,
हम बनेंगे विशेष बच्चे ।।

योग और व्यायाम से खेल-कूद के अभ्यास से
लक्ष्य को साधकर, केन्द्रीय विद्यालय के स्वाभिमान से
हम बनेंगे विशेष बच्चे ।।

आओ मिलकर दीप जलाएं, इस युग का अज्ञान मिटाएं
चलो सबको जागरूक बनाएं, पर्यावरण को स्वस्थ्य बनाएं
फिर हम बनेंगे विशेष बच्चे ।।

**पवन कुमार**
प्राथमिक शिक्षक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैंट, प्रयागराज

47

# जिंदगी चली गई

बहुत सी ख्वाहिशें थी इस जिंदगी से,
जिसे पूरी होते-होते जिंदगी चली गई
जिंदगी के इस फलसफे को कईयों ने समझाया,
पर समझते-समझते जिंदगी चली गई।
काश हमें इस जिंदगी से अपेक्षाएं न होती
तो ये जिंदगी ऐसी न होती।
उम्र के इस पड़ाव पे रिश्तों को संवारते
आखिर थक गए हम।
कौन थे, क्या थे, कहाँ आ गए हम
गर जीना है अगर खुल कर जीयो
जो होता है उसे होनी समझ होने दो
रिश्तों के भँवर में यू न उलझो
कि सभी दूर होते चले जाए।
कई मुश्किलों से मिली ये जिंदगी
कई मुद्दतों से मिली ये जिंदगी
आखिर क्यू इस तरह चली जांए।

**अर्चना कुमारी**
वरिष्ठ सचिवालय सहायक
केन्द्रीय विद्यालय मोतिहारी

48

# माँ

कमियां तेरी निकाल सकूं वो दृष्टि कहां से लाऊँ मैं
बनूं सहारा तेरा मैया बस वह संबल बन पाऊँ मैं
हक़ तेरा थपकी दे या थप्पड़ से नहला दे
क्या कीमत मेरे जीवन की जो तुझको दे पाऊँ मैं
संबंध जगत में जितने हैं सबको ही निभाता जाऊँ मैं
उन सबका आधार जगत में कर्ज़ा तेरा दे पाऊँ मैं
मुझको जीवन देने वाली भगवत्ता से ऊपर है
हक़ नहीं मुझे तुझको तेरी कोई कमी बतला पाऊँ मैं
पीड़ा तेरी कितनी थी उस हद को काश समझ पाऊँ मैं
मुझे मारने से पहले मरती थी वो क्षण कहां से पाऊँ मैं
उस क्षण विशेष की उत्पत्ति के सब साधन थे हत्यारे
ममत्व धार तू जूझ रही थी काश उन्हें समझा पाऊँ मैं

तुझको दुख देने वालों को कैसे अपना पाऊँ मैं
पीड़ा तेरी हर ना पाया कैसे उसको गले लगाऊँ मैं
और साधनों दीवारों से घर कोई यदि बन पाता
तो ममत्व से वंचित वाले उस घर कैसे जाऊँ मैं
तुलना तेरी वसुधा से और गंगा से अब पाऊँ मैं
माफ सभी को करने वाली तेरे जैसा दिल पाऊँ मैं
अपना-अपना पाप सभी ने तेरी झोली में डाला
सबको पावन करने वाली को कैसे मैला पाऊँ मैं
कमियां तेरी निकाल सकूं वो दृष्टि कहां से लाऊँ मैं
वो दृष्टि...कहाँ से... लाऊँ मैं...

**विजय कुमार सोनी**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रतलाम

४९

# बदलती प्रकृति के संग

वो भी दिन थे, जब बाग़ों में बहारें मुस्कुराती थीं,
हरियाली की चादर ओढ़े, वादियाँ गुनगुनाती थीं।
नदी बहती थी लहरों संग, जैसे कोई राग सुनाती थी,
पर्वत, पंछी, पेड़ सभी में, जीवन रास समाती थी।

इस संसार में इंसान ने बदले कई रंग
प्रकृति ने समय के साथ बदले अपने ढंग
मासूम और भोले जीव देख ये सब दंग
हर तरफ दुनिया मे फैली है जंग

अब देखो कैसा मंजर है, न धूप है, न छाँव सही,
कहीं बाढ़, कहीं सूखा आया, तो कहीं तूफ़ान बही।
पेड़ों के कटने की पीड़ा, अब बादलों में गूँजती है,
धरती की छाती दरकी है, नदियाँ रो-रो सूखती हैं।

हवा में जहर सा घुल गया, साँसें भी डरती हैं,
आग लगी जंगल-जंगल, चिड़ियाँ भी अब मरती हैं।
पिघलती बर्फ़, गरम समंदर, सब संकेत दे जाते हैं,
प्रकृति के कोप में अब हम ही बर्बादी लाते हैं।
किसने छीना ये सुख चैन? इंसान की है ये करनी,
लोभ, क्रोध, छल की भाषा, अब उसकी जीवन धरणी है।
पेड़ को काटा, जल को बाँधा, पर्वत की मर्यादा तोड़ी,
सत्ता, धन और स्वार्थ की खातिर, हर संवेदना है छोड़ी।

प्रकृति माँ है — हमने उसको बाज़ारों में तौला है,
अपने ही घर को आग लगाई, फिर क्यों उसका रोना है?
अब भी समय है, चेतो मानव! लौट चलो उस राह पर,
जहाँ प्रेम हो, संतुलन हो, प्रकृति चले अपने सहज स्वर में।

**रुपेन्द्र रामचरण मेश्राम**
स्नातकोत्तर शिक्षक (संगणक विज्ञान)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आर्मी एरिया, पूणे

50

# खाली पन्ने, अकुलाए शब्द

रूठने, रूंधने लगे हैं शब्द मेरे
कुछ समय, उम्र और जिम्मेदारियों तले
सोचती हूँ करूंगी पैने, दूँगी धार
शनैः शनैः, धीरे-धीरे, हौले-हौले
उठाती हूँ कलम जब कभी
"कुछ लिख ले" कहते हैं अपने सभी

एक पूरा ब्रह्मांड है
मेरे मन मस्तिष्क में विचारों का
कुछ स्व, कुछ समाज, चंद हिस्सा समाचारों का
ज्यों उकरते हैं अकुलाए शब्द पन्नों पर
तभी भटकता है ध्यान, सतर्क हो जाते हैं कान
गैस पर चढ़े उफ़नते दूध की आवाज़ से
सीढ़ियाँ चढ़ते बच्चों के चिर परिचित अंदाज़ से
अशक्त माँ की काँपते हाथों से खोलते-बंद होते दराज़ से

जिंदगी के पटल पर जिम्मेदारियों का आसमान है,
कामकाजी महिला का माँ होना कहाँ आसान है,
मैंने चुना है मैं तो माँ हूं, मालकिन हूं, घर की सर्वज्ञ हूं
ममतामयी मर्मज्ञ हूं
तभी तो ठहर जाते हैं शब्द
सहम जाती है कलम, फड़फड़ाते हैं खाली पन्ने,
उठ जाती हूं हिम्मत के सारे हिस्से बटोर कर
शब्दों को पिरोने की इच्छा मन में मसोस कर, मरोड़ कर

इंतजार कर लेंगे शब्द, कहाँ रुकता है जीवन का प्रारब्ध
समय फिर से लौटेगा,
जब करूंगी पैनी, दूँगी धार
जहाँ शब्द कलम और मैं,
यही होगा मेरा संसार ।।

**सारिका सिंह**
स्नातकोत्तर शिक्षिका (अंग्रेजी)
केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी. देहरादून

51

# समर-ओज

तिलक लगाऊँ !
थाल सजाऊँ !
वीर शौर्य गाथाएं गाऊँ !
या आंचल में ले लाल को अपने,
केश सुलझाउ ?
सुन भेरी युद्ध की रण में,
मन ही मन घबराऊँ,
कोख लजाने को क्या रण से
वीर को अपने पीठ दिखा कर लाऊँ ?
जिनके घर के पिता पुत्र, जो ना युद्ध में शीश कटाते हैं,
वही क्या हरदम साहस भर युद्ध-युद्ध चिल्लाते हैं ?
जब भगत ने जवानी को अपने संघर्षों में झोंका होगा,
क्या उसकी मां ने भी उसको रो-रो कर रोका होगा ?
या वह भी मां गूजरी जैसी सिंह सी गर्व में ललकारी होगी ?
जिस दिन मां का ऋण-उऋण करने को भगत ने दी किलकारी होगी।
जब राजा रतन सिंह ने तलवार उठाई होगी,
क्या थाल सजा शूरवीर राजा की पत्नी भी घबराई होंगी ?
या साहस भर क्षत्राणी ने उसे रण में भेजा होगा ?
जहां एक ओर जौहर का दीया भी सज रहा होगा !
जब बेटी भूखी कई रात सोयी होगी,
क्या महाराणा प्रताप की आंखें ना रोयी होंगी ?
जब सोचा परिवार देश में एक को बचाना होगा,
तय किया वीर बाला चंपा ने कि अब गहरी नींद सो जाना होगा।
जब-जब हम अपनों के खोने के भय से,धर्म से आंख चुराएंगे !
तब-तब उन शूरवीरों के बलिदानों को मिट्टी में मिलाएगें।
प्राण रहे या ना रहे; प्रिय रहे या ना रहे,
धर्म रहा है धर्म रहेगा, देश रहा है देश रहेगा।
जब तक हर भारतवासी के तन में रक्त बहेगा !

**रूपाली त्रिपाठी**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1, बी.ई.जी.सी. रुड़की

52

# नारी सशक्तिकरण

उमंगों सी भरी,
नित कर्तव्य पथ पर चली,
परिंदों सी उड़ान उसकी,
नव किसलय सी मुस्कान उसकी,
हौंसलों की बांध डोर,
ऊर्जा समेट चहुं ओर,
दृष्टि में भर उल्लास,
आवाज में उसके ओज,
आशाओं की चुनरी ओढ़,
उर में आनन्द हिलोर,
सच्चरित्र सीता सी,
रण में दुर्गा सम,
विद्या सरस्वती बन देती,
लक्ष्मी सम पूज्यवान
फूलों की माला में गूंथे जैसे फूल,
करती परिवार को एकत्र समूल,
धरा पर पावन गंगा सम,
शीतल वृक्ष छाया सदृश,
करुणा का सरोवर समेटे,
है वह गुणखान,
सभी की परवाह करती,
कहते हैं उसे हम नारी! महान् !

**श्रुति पालीवाल**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1, बी.ई.जी.सी. रुड़की

53

# अब कोई नया मनुष्य जन्म ले !

नस्ल और जाति का न भेद हो
गरीब मुक्त हो न कोई खेद हो
धर्म पंथ का भी न कोई विभेद हो
मात्र मानवता का ही सन्देश हो
बस सभी के मन में यही सोच हो
अब कोई नया मनुष्य जन्म ले !

ज्ञान हो विज्ञान हो,
नित नया विधान हो
सभी समस्याओं का निदान हो
न राष्ट्र हो न राष्ट्र का आकार हो
वैश्विक मानवता का सपना साकार हो
कोई नया मनुष्य जन्म ले !

नित कई कला और संगीत हो
गाने को रोज नया गीत हो
सच्ची एक-दूजे से प्रीत हो
मानवता की ही बस जीत हो
रीत नई कुछ भी न विपरीत हो
अब कोई नया मनुष्य जन्म ले !

खोज हो अनुसंधान हो
आतंक का कहीं न नाम हो
दिग्-दिगांत शांति का ही धाम हो
न कोई निराश हो, न भूख हो, न प्यास हो
हर तरफ उल्लास ही उल्लास हो
हास हो, परिहास हो, मानवता का विकास हो
अब कोई नया मनुष्य जन्म ले !

**डी पी थपलियाल**
स्नातकोत्तर शिक्षक (अर्थशास्त्र)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रायवाला, देहरादून

54

# एक शिक्षक की चाह

कैसे अपना सर्वश्रेष्ठ दूं समझ नहीं पाता हूँ,
आधा अधूरा पाता हूं तो कसमसा जाता हूँ।
और क्या-क्या करूं सोच में पड़ जाता हूँ।

कुछ कमी न रह जाए
यह सोच नए कार्यों में लग जाता हूँ।
चाहता हूं पूर्ण हो जाए सब
चाह कर भी ऐसा नहीं कर पाता हूँ,
तब असमंजस में पड़ जाता हूँ।

काश, सुधार हो सभी में
पर ऐसा हो नहीं पाता है
किस से क्या-क्या सीखूं
ढूंढने निकल जाता हूँ
कैसे अपना सर्वश्रेष्ठ दूं समझ नहीं पाता हूँ।

इस भोले-भाले मन को कैसे सुलझाऊं,
इस उलझन में पड़ जाता हूँ।
इन से तार से तार जुड़ जाए
तो धन्य हो जाऊं
कैसे पूर्ण हो जाए सब सोच में पड़ जाता हूँ।

**नीरु जौहर**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी

55

# कहाँ गई वो भोजन थाली ?

कहां गई वह भोजन थाली
जब सब कुछ सादा-सादा था।
ना था केसर, ना था पिस्ता
पर स्वाद तो सबसे ज्यादा था।

स्वाद तो अपनेपन का था
स्वाद तो संग में खाने का था।
सुख दुख बांटे, थाली पर ही
मिल बांटकर खाने का तो,
एक अंदाज निराला था।

कहां गई वह भोजन थाली ?

संग में बैठे दादा-दादी
संग में बैठे पोता-पोती
हंसी ठिठोली करते थे
एक अनूठा बंधन था।
जब तक खाना सज कर आता
किस्सों और कहानी में
जीवन सार बताते थे।

कहां गई वह भोजन थाली ?

थोड़ा-थोड़ा जो भी होता
थोड़ा-थोड़ा सबको मिलता
ना कुछ ज्यादा, ना कुछ कम
थोड़ा-थोड़ा सब में बंटता
सब में सबका हिस्सा होता।

कहां गई वह भोजन थाली?

खाने को, पहले अर्पण करना
आभार जताना, इस जीवन का
अन्नपूर्णा माता का,
ॐ सहनाववतु सह नौ भुनक्तु
आभार मंत्रोचार था।

कहां गई वह भोजन थाली ?

स्वच्छ मन से, स्वच्छ तन से
स्वच्छ भोजन, समय से खाना।
अन्न धन की रक्षा करना
भोजन की बर्बादी ना हो
ऐसा उपाय, और जतन करना।
जूठन न बचे थाली में
कुछ न जाए नाली में
ऐसे संस्कार सिखाते थे।

कहां गई वह भोजन थाली ?
जब सब कुछ सादा सादा था
ना था केसर, ना था पिस्ता
पर स्वाद तो सबसे ज्यादा था।

**निधि रावत**
स्नातकोत्तर शिक्षक (जीव विज्ञान)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पौड़ी

56

# संगठन की शान

अपना केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
मानवता नित करता साकार है।

शिक्षा जीवन का आधार
अनुशासन से हमको प्यार है।
धर्म जाति वर्ग वर्ण भेद नहीं
शिक्षा सबको एक समान है।

कदम-कदम निर्माण को बढ़ते
भारत के विकास को हम गढ़ते,
जल- थल आकाश झट लांघते
अंतरिक्ष सा ज्ञान अपनी आन है।

चंदन सी परंपरा सदा निभाते
जीवन मूल्यों के पाठ पढ़ाते,
अभिनव हो व्यक्तित्व सबका
उपवन संस्कारों का अपार है।

कक्षा में कौशल प्रयोग उपजते
विद्या को शिक्षक जीवन समझते,
श्रम से सींचा है इस आलय को
मिले श्रेष्ठ नागरिक यही संसार है।

नन्हे दीपों में हम बाती सजाते
सूरज सी चेतना सबमें जगाते,
दूर हो अंधकार मन आंगन का
अपावृणु में संगठन की शान है।

अपना केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
मानवता नित करता साकार है॥

**संदीप नेमा 'दीप' भोपाली**
सहायक अनुभाग अधिकारी
के.वि.सं. क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल

57

# गुलमोहर ख्वाब में उतर आया

गुलमोहर ख्वाब में, उतर आया
गुलमोहर ख्वाब में
उतर आया,
मैने आंखे खोलीं,
सामने-तुमको पाया,
फिर खिली झील,
एक-रंग-छाया,
मैने आंखे खोलीं,
सामने-तुमको पाया,
गुलमोहर ख्वाब में,
उतर आया,
मैने आंखे खोलीं,
सामने-तुमको पाया !

धूप ने, सिलबट्टे पर,
मली थी  चांदनी, नजाकत – से,
देखा था, पर – बातों ने,
जुगनूओं-को, शरारत से,
जमी थी, शहतूत की महफ़िल,
रुपहले – शोख, आँगन में,
था-तब, चांद भी,
वहां-हौले से, हिफाजत से,
खुशबु का, एक दरिया,
खुद – ब – खुद, निखर आया,
मैने आंखे खोलीं,
सामने-तुमको पाया,
गुलमोहर ख्वाब में,
उतर आया,

बताशों ने,
गिनकर रखे थे,
पल मुलायम, मर्तबानों में,
हवा भी, छूकर गयी थी,
कुछ गुनगुनाती, कानों में,
रेशम एक तस्वीर,
मोर- पंख से, ढाँकी थी,
बूंदों ने, रचा था,
एक किस्सा, आँगन में,
बादलों ने, घर अपना,
फिर-पलकों को – बतलाया,
मैने आंखे खोलीं,
सामने-तुमको पाया,
गुलमोहर ख्वाब में,
उतर आया,
मैने आंखे खोलीं,
सामने-तुमको पाया !

**अवनि प्रकाश श्रीवास्तव**
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर

54

# मातृभूमि की पावन माटी

मातृभूमि की पावन माटी, अपना शीश लगाते चलो,
इसकी गौरव गाथा के, तुम गीत सदा ही गाते चलो।
फ़र्ज़ निभाया है पहले, कई देशभक्त और वीरों ने,
तुम भी अपने कर्तव्यों को, हँसते हुए निभाते चलो।
द्वेष भरी आतंकी आंधियाँ, अंधेरा कर दें ना कहीं,
देश प्रेम की दिव्य मशालें, अपने मन में जलाते चलो।
शर्म सभ्यता पर हमला अब, हो रहा निस दिन पश्चिम का,
अपनी मर्यादित संस्कृति को, नंगेपन से बचाते चलो।
मर मिटना इस देश की खातिर, बहुत बड़ी कोई बात नहीं,
ऋण चुकाना है माटी का, हंस के ऋण चुकाते चलो।
इच्छाशक्ति दृढ़ होगी, मजबूती आएगी मन में,
वंदे मातरम वंदे मातरम, यही जयकार लगाते चलो।
रुकते नहीं मंजिल के राही, बीच डगर में यूँ सागर,
लक्ष्य तक निर्बाध गति से, अपने कदम बढ़ाते चलो।

**डॉ. संजय कुमार आमेटा**
प्राथमिक शिक्षक (संगीत)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बांसवाड़ा

59

# शून्य से संवाद

जब थम गईं सारी आवाज़ें,
और बाहर का कोलाहल चुपचाप गिर पड़ा,
तब भीतर से आई एक पुकार —
"क्या अब सुन सकोगे मुझे" ?

मैं ठहर गया।
श्वास के आर-पार झाँका,
सोचा- कौन है यह जो
इस गहन मौन में संवाद कर रहा ?

ना शब्द थे,
ना अर्थ।
बस अनुभूति की एक सधी हुई लहर,
जो मेरी सत्ता को स्पर्श कर रही थी।

वह शून्य था —
न कोई रंग, न रूप, न गंध,
फिर भी सबसे पूर्ण।
मैं उससे पूछ बैठा —
"तू कौन है" ?

उत्तर आया —
"जो तुम्हारे 'मैं' के पीछे छिपा है,
जो सोच से पहले था,
और मृत्यु के बाद भी रहेगा।
मैं स्तब्ध था।
शून्य ने मुझे मेरे ही प्रश्नों से खाली कर दिया।
अब कोई उत्तर शेष नहीं था,
और शायद प्रश्न भी नहीं।

वहीं, उसी मौन में,
जहाँ विचार रुकते हैं,
जहाँ पहचानें पिघलती हैं,
मैंने जाना —
शून्य कोई रिक्तता नहीं,
वह तो पूर्णता की पहली अनुभूति है।

**डॉ. गौरव शर्मा**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 अम्बाला छावनी

60

# गीत पराया गाऊँ तो लज्जा आती है

संदर्भों की बात करूँ तो दरिया है वो,
और स्मृति के आलोकों में मैं जो झांकू।
पास थिरकते नन्हे कदमों की यादों में,
मैं अपने बचपन के सब किस्सों को बांचू।
ऐसे किस्सों से आँख मेरी भर आती है।
गीत पराया गाऊँ तो लज्जा आती है।

कभी सुनाकर लोरी माँ थपकी देती थी,
बहना बाबू जी से हमें बचा लेती थी।
भैया हमको छोटे पापा जैसे लगते थे,
गुल्लक के पैसे हमको छुटकी दे देती थी।
खुशियाँ बचपन की अब भी याद आती हैं।
गीत पराया गाऊँ तो लज्जा आती है।

कॉलेज का वो पहला दिन कैसे भूलेगा,
जूते पॉलिश, वस्त्र इस्त्री, इत्र लगाया।
नया भवन और नए इरादे, नई उमंगें,
कुछ बनने का हमने भी फिर जोर लगाया।
भूरी आँखों वाली अब भी याद आती है।
गीत पराया गाऊँ तो लज्जा आती है।

सुंदर सपने अक्सर मैं देखा करता हूँ,
इसी धरा पर किसी के रोके कौन रुका है।
भूल बुरी बातों को आगे बढ़ता रहना,
गूढ़ रहस्यों को कोई कब समझ सका है।
विस्मृत होकर भी अक्सर वो याद आती है।
गीत पराया गाऊँ तो लज्जा आती है।

जीवन जीना है तो नित बढ़ना ही होगा,
अपने कर्तव्यों को पूरा करना ही होगा।
डिगते कदमों को सुपथ पर ले जाना है,
खुद अपनी ही बुरी नजर से बचना होगा।
दादी-नानी हमको ये ही सिखलाती है।
गीत पराया गाऊँ तो लज्जा आती है।

रोज परिंदे नभ में जाकर खूब विचरते,
साँझ ढ़ले वापस घरोंदों में आ जाते हैं।
दूर कहीं भी कितना ही चले जो जाओ,
अपना घर अपना है यह पंछी सिखलाते है।
रंगीं दुनियाँ किसी की हमको न भाती है।
गीत पराया गाऊँ तो लज्जा आती है।

**अनिल कुमार**
सहायक अनुभाग अधिकारी
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय हजरतपुर

61

# बहन-भाई का प्यारा रिश्ता

बचपन की वो मीठी बातें, झगड़े और मनुहार,
एक रोटी में आधा-आधा, सिमटा था सारा संसार।
वो आपस में चुटकी लेना, छिपकर मिठाई खाना,
माँ की डाँट से, एक दूसरे को मिलकर बचाना।

राखी की वो सुनहरी सुबहें, हाथों में दुआओं की डोर,
भाई की कलाई पर बहन का अपार गौरव और जोर।
चुपचाप गिरते आँसुओं को झट से समझ जाना,
बिन कहे एक-दूजे के भाव को झट से पहचान जाना।

जब डर लगे अँधेरे से, भाई बन जाए दीवार,
और बहन की मुस्कान में हो, हर दर्द का उपहार।
वो छोटे-छोटे तोहफे, जो दिल को छू जाएं,
चंद शब्दों में स्नेह, जो जीवन भर साथ निभाएं।

वक़्त भले ही दूरियाँ लाए, पर दिलों की हो न दूरी,
बहन-भाई का ये रिश्ता है, आपस में प्यार है ज़रूरी।
कभी आंसू, कभी हँसी, तो कभी गुस्से की बारिश,
न शिकवा, न शिकायत, बस अपनापन बेहिसाब,
यही तो है प्रेम, नाप से परे, हर रंग में लाजवाब।

**योगेश कुमार**
वरिष्ठ सचिवालय सहायक
केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.)

62

# मंजिल तुझको मिल जाएगी

तू कदम बढ़ा विश्वास जगा मंजिल तुझको मिल जाएगी,
तू लहरों को पतवार बना मंजिल तुझको मिल जाएगी।

तू हार के डर से घबराकर कोशिश करने से मत थमना,
तू जीतेगा या सीखेगा बस बात यही मन में रखना,
विश्वास अगर है दृढ़ कदमों में हर मुश्किल झुक जाएगी,
तू लहरों को पतवार बना मंजिल तुझको मिल जाएगी।

कुछ रोकेंगे कुछ टोकेंगे मंजिल को कठिन बताएँगे,
कुछ आकर तेरी राहों में उपहास के शूल बिछायेंगे,
तू राह से मत डिगना इच्छा इक दिन पूरी हो जाएगी,
तू लहरों को पतवार बना मंजिल तुझको मिल जाएगी।

तुझमें सूरज सा तेज वायु सा वेग गगन सी मस्ती है,
पर्वत का सीना चीर सके तेरे भीतर वो शक्ति है,
सर्वस्व भस्म कर सतत कर्म मंजिल खुद चलकर आएगी,
तू लहरों को पतवार बना मंजिल तुझको मिल जाएगी।

जब तक है तन में सांस करो संघर्ष यही तो जीना है,
रख आस समंदर पास जहर नैराश्य तुम्हें क्यों पीना है,
कर ख़ामोशी से कर्म सफलता इक दिन शोर मचाएगी,
तू लहरों को पतवार बना मंजिल तुझको मिल जाएगी।

**डॉ. योगेश कुमार जैन**
पुस्तकालयाध्यक्ष
आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, ग्वालियर

63

# हर कदम, एक पहचान

आओ जीवन की **दहलीज़** में कुछ इस तरह चलें
मेघ बनकर चलें नीर बनकर ढलें
ना रुकें ना सोचें चलना दूर है
बढ़ते ही जाएं आगे सफलता जरूर है
चलें कुछ ऐसे कि हर कदम एक पहचान छोड़ जाए
बोलें कुछ ऐसा कि हर शब्द एक **फ़लसफ़ा** बन जाए
उज्ज्वल प्रखर मधुरिम बन तम को हरते जाएं
स्वप्नों की सरिता में स्नेहिल नौका से बहते जाएं
कोशिशों के धरातल से अभिलाषाओं के शिखर तक
हर प्रयास की सार्थकता से आशाओं के क्षितिज तक
आगे ही बढ़ते जाएं हम
पर शिखर को छूने की अभिलाषा में
ध्यान रहे बस इतना
कहीं संवेदना का धरातल न छूटे
स्नेह का बंधन अपनों का साथ न छूटे।

**मंगला धौनी**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून

64

# तू किस्मत कब तक रुठेगी ?

तू किस्मत कब तक रूठेगी ?
जंजीर कभी तो टूटेगी।
अवरोध रूपी इस पत्थर से,
जलधार कभी तो फूटेगी।

तू किस्मत कब तक रूठेगी ?
तू किस्मत कब तक रूठेगी ?

मेहनत भी करूं, प्रयत्न करूं।
दिन रात भी मैं नित जतन करूं।
एक आस भी है और प्यास भी है।
और मन में अडिग विश्वास भी है।
अब लक्ष्य प्राप्ति से पहले तो
यह सांस नहीं अब छूटेगी।

तू किस्मत कब तक रूठेगी ?
तू किस्मत कब तक रूठेगी ?

चाहे गिरा तू मुझको धरती पर।
पर खड़ा तू तत्क्षण पाएगी।
जब तक ना साधूंगा तुझको।
यह जान नहीं अब जायेगी।

तू देख सही क्या होता है।
मैं उनमें नहीं जो रोता है।
मेहनत ही सदा हल अपना रहा।
और लक्षित पथ को जोता है।

जब विश्वास नहीं तू डिगा सकी।
अब और बता क्या लूटेगी ?

तू किस्मत कब तक रूठेगी ?
तू किस्मत कब तक रूठेगी ?

अरे हंसती है ना तू मुझ पर
कि इस बालक को आराम नहीं।
डर जाए जो इन हल्के झटकों से।
“बृजमोहन” उसका नाम नहीं।
सिंहनाद है ये इस मोहन का।
नहीं बात किसी भी झूठे की।

तू किस्मत कब तक रूठेगी ?
तू किस्मत कब तक रूठेगी ?

**बृजमोहन सिंह रावत**
स्नातकोत्तर शिक्षक (रसायन विज्ञान)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दप्पर

65

# यादों के दरीचे से

यादों के दरीचे से
कुछ पुष्प चुरा लाया हूँ।

बीते हुए लम्हों से
कुछ यादें चुरा लाया हूँ।

आम के बाग़ के झूले
वो बेरियों के झुरमुट

बचपन की यादों की महक
माँ का स्नेह चुरा लाया हूँ।

बहन की विदाई के वो क्षण
पिता की फौलादी बाहें
भाई -बहन का रूठना
और मनाना, साथ लाया हूँ।

वो चींटी-धप का खेल
कंचे-बंटों का सफ़र साथ लाया हूँ।
खिले हुए रिश्तों की महक
स्नेह का समंदर चुरा लाया हूँ।

वो लुका- छुपी के खेल
संस्कारों का समंदर बटोर लाया हूँ।
माँ की लोरियों का रस
पिता का आशीर्वाद अपार लाया हूँ।

**अनिल कुमार गुप्ता**
पुस्तकालयाध्यक्ष
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दप्पर

66

# संकल्प प्रेरणा

अच्छे विद्यार्थी कभी थकते नहीं
सच्चे साधक कभी रुकते नहीं
परिवर्तन के योद्धा यूं विह्वलते नहीं
बड़ी शख्सियत वाले छोटा परिचय देते नहीं

नहीं तो

पहाड़ों को चीर कर राह बनाना
इतना आसान नहीं होता।
सुन्दर इतिहास बनाने वालों का
इतना सम्मान नहीं होता।

अर्जुन कहाँ युद्ध अकेला लड़ा था।
निर्णायक तो उसके पीछे ही खड़ा था।

वो अब भी तुम्हें यह कह रहा है।
घनघोर निशा का अर्थ समझो
अब शीघ्र ही सवेरा हो रहा है।

बस अविलंब अपना रथ संवार लो
हृषीकेश निमित गुडाकेश से हो तुम
तामस शत्रु का संहार करके
अपना गांडीव निखार लो

अश्वमेध परचमधारी कंही थमते नहीं
अच्छे विद्यार्थी कभी थकते नहीं
सच्चे साधक कभी रुकते नहीं।

**प्रदीप मनचंदिया**
स्नातकोतर शिक्षक (संगणक विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय भारतीय नौसेना पोत वालसुरा

67

# एआई 171

एक उम्मीद ने भरी थी उड़ान ऐसी एक दिन,
उगते सूरज की सबको, थामनी थी कमान एक दिन।
कोई था कामकाजी, तो कोई यूँ ही था निकला,
प्रियजन मिलन को कोई, लिए सुनहरा सपना।
क्या खूब थी तैयारी, भर कर हृदय में सबकुछ,
उड़ चला था मन का पंछी, बाकी नहीं था अब कुछ।
हँसते उजास चेहरे, थे वृद्ध, जवान और बच्चे,
लन्दन की ओर बढ़ते, सपने हुए थे सच्चे।
शायद न जानते थे, क्या होना था आज के दिन,
नियति की क्रूरता का, आभास न था उस दिन।
लाखों प्रयास मिट्टी, हर दुआ हुई थी असफल,
भरते उड़ान गिरना, अब लपटें थी बस भूतल पर।
कितने सुहाग उजड़े, घर उजड़ गए सारे,
था दोष न किसी का, बेमौत गए सारे।
आँखें मिलन को बेकल, तरसती ही रह गईं सारी,
एक क्षण में सब-कुछ स्वाहा, जिंदगी मौत से हारी।
एक मिनट में उन सभी पर, क्या कुछ नहीं था बीता,
कि काश! वक्त रहते, कोई रोक लेता उनको।
आँखों में सपने लेकर, कह गए अलविदा सभी को
न आए फिर कभी भी, आया था ऐसा जो इक दिन।

**तारा मिश्रा**
स्नातकोत्तर शिक्षिका (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल, ठाणे

68

# लगाएँ एक पेड़ !

आइए, लगाएँ एक पेड़ !
जिस पर बना सके एक निराश्रित चिड़िया,
अपना एक छोटा सा घोंसला...
और उस घोंसलें में पल सकें चिड़िया के छोटे बच्चे।
जिनका मंद-मधुर कलरव भर देगा,
इस अविश्वास भरे माहौल में विश्वास का संगीत
और उनका डालों पर फुदकना,
इस विषम समय में भी गाएगा आशा के गीत।
बच्चे, जो भविष्य में छुएगें, यह अनंत विस्तृत आसमान
और उनकी उड़ान छेड़ेगी, मन में उत्साह की नई तान।
बच्चे होंगे बड़े और करेंगे पीढ़ियों का एक नया सर्जन
और इस तरह चलता रहेगा सृष्टि का पुनः पुनः प्रवर्तन।
इस तरह पेड़ लगाना एक नए संसार की सर्जना है
दूर इससे होती मानव मन की वर्जना है।
तो आइए करें प्रारंभ एक नूतन सृष्टि का
इस निदाध तप्त धरित्री पर शीतल वृष्टि का।
और लगाएँ एक पेड़ !
जिस पर बना सके एक निराश्रित चिड़िया,
अपना एक छोटा सा घोंसला...

**अभिषेक कुमार जैन**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 3 पुणे

69

# प्यारी गौरैया

नन्ही प्यारी-सी गौरैया
फुदक फुदक कर
घर-आँगन में आ जाती है
"चीं-चीं" करती हुई
अपना सब हाल बता जाती है
अब इसकी इस चहचहाहट में
इसकी व्यथा झलकती है
प्रश्न पूछती है वह हम सबसे
क्यों मेरा अस्तित्व मिटा रहे हो ?

जिस तरु की टहनी पर
मेरा घर संसार बसा है
उसे उजाड़ना चाह रहे हो
बहुत कुछ छीन लिया है मेरा
अब तो मुझ पर दया करो
स्वार्थी दुनिया से बाहर आओ
मुझसे भी कुछ बात करो

मानव हो मानव ही रहना
क्यों मशीन तुम बनते हो ?
खग और तरु से प्यार करो
तुम्हें हरियाली की सौगात मिलेगी
निर्मल मन का वरदान मिलेगा
हमें तुम्हारा प्यार मिलेगा
सदा तुम्हारा घर आँगन
मेरी "चीं-चीं" से भरा रहेगा।

**कविता श्रीवास्तव**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय तलेगांव, पुणे

70

# आने वाले कल को हम क्या सौंप कर जाएंगे ?

दादी-नानी की कहानियों से बचपन में सीखे थे जिंदगी के पाठ कई।
बुआ के हाथों में छुपे थे कारीगरी के ठाठ कई।
मामी का बुना स्वेटर, न्यारा ही चमकता था,
जोगी बाबा के घर रोज चरखा चलता था।
मशीनों से भाव शून्य हम; क्या इन किस्सों को दोहरा पाएंगे ?
आने वाले कल को हम क्या सौंप कर जाएंगे ?

मुझे सुबह सूरज को जल चढ़ाना होता था,
छोटे भाई को संध्या का दीया जलाना होता था।
अब्दुल भी जुम्मे को नमाज अदा कर आता था।
मंदिर में हारमोनियम गफ्फार बजाता था।
सहिष्णुता के इन बीजों को, क्या हम अब पनपा पाएंगे ?
आने वाले कल को हम क्या सौंप कर जाएंगे ?

मनिहार लाख की चूड़ियों का सौदा लेकर आता था।
सुथार शादी में पूजा की चौकी देकर जाता था।
खेतों में जाने से पहले हल की पूजा की जाती थी।
चाची-ताई मिलकर गीत मंगल वह गाती थी।
कोरियाई संगीत के शौकीन युवा, क्या इन गीतों को गुनगुना पाएंगे ?
आने वाले कल को हम क्या सौंप कर जाएंगे ?

प्रयास करें कि रोबोटिक्स के साथ नैतिकता का जिक्र भी हो।
तकनीक की चर्चा में, इंसानियत की फिक्र भी हो।
'ए आई' की बुद्धिमानी में तजुर्बों का ज्ञान मिलाया जाए।
विकास के साथ प्रकृति को भी अपनाया जाए।
दुनिया के साथ चलें हम, पर अपने वतन का ध्यान रहे,
भाषा में मर्यादा हो, निज पर स्वाभिमान रहे।
जड़ों से जुड़े रहेंगे हम, आसमान तक लहराएंगे,
हम भारत का आज हैं, बेहतर कल सौंप कर जाएंगे ।।

**ऋचा शर्मा**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भा. नौ. पो. माण्डवी, गोवा

71

# उस पार

थामे नहीं थम रही, जिन्दगी की रफ्तार
जाना है हर किसी को, कहीं उस पार।
यह 'उस' बड़ी ही अनोखी कल्पना है,
न पहुंच पाना 'उस पार', एक विंडबना है।
किसी की गति को थाम रहे हैं प्राण,
किसी की कल्पनाओं में ही नहीं है उड़ान।
कोई उड़ना तो चाहता है,
पर रास्तों की जटिलता से घबरा रहा है।
कोई जमीं पर नहीं है,
तो कोई चल ही नहीं पा रहा है।
कोई इतनी गति से चला, कि कहीं खो गया,
किसी पर बंधन हावी हुए,
वो महज जी भर रो गया।
ना जाने कि 'उस पार' क्या है ?
अंधेरों में कहीं हर किसी का, अपना ही ‘दीया’ है।

**विक्रान्त शर्मा**
प्राथमिक शिक्षक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यायलय भा.नौ.पो. माण्डवी, गोवा

72

# सम्मति

समय
प्रतिपल का उपयोग करोगे
खिल जाएगा जीवन फूल।
बिन परिश्रम के रहोगे पीछे
हाथ लगेगी केवल धूल ॥

परिश्रम
सूर्य-सा चमकना है यदि तुम्हें
तो तपना पड़ेगा अविराम।
तप-तप के चमके सभी
कर गए दुनिया में नाम ॥

कर्म
यदि बोओगे बबूल को
तो उगेंगे बबूल ही।
खाने को आम आपको
मिलेंगे नहीं कभी ॥

परवरिश
समुचित मिलेगा पर्यावरण
फल-फूल लगेंगे बड़े-बड़े।
स्वादिष्ट भी होंगे अवश्य
नहीं होंगे वे सड़े-गले ॥

व्यवहार
राग-द्वेष से दूर रहोगे
निर्मल मन हो जाएगा।
तन-मन लेकर साथ चलोगे
सच्चा सुख भी मिल जाएगा ॥

**अश्वनी कुमार**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2
वास्को द गामा, गोवा

73

# चिड़िया के बच्चे

वह मधुर  चहचहाहट
एसी के कंप्रेसर के
पीछे से आ रही थी
लगा
अंडों से चूज़े
बाहर आ गए हैं

भूख से कराहते
मां को पुकारते
बच्चों का कराहना !
कहां थमती मां
उड़ चली गई
लेने नन्हा दाना
चुन-चुन कर
लाए दानों को
अपनी चोंच से
उस नन्ही चोंच में रख
मां का प्यार से खिलाना।

ममता की इस लीला को
मैं धीरे धीरे निहारती
उनके सुख में खुश होकर
मैं आनंद से भर जाती।

बीत गए दिन लगा मुझे
अब चिड़िया के वह बच्चे
जल्दी बड़े हो जाएंगे,
बुलंद हौसलों से
अपने पंख फैला
ऊंची उड़ान से
आकाश को छू पाएंगे।
आज़ादी का जीवन पा
जब मर्ज़ी उड़ जाएंगे॥

**मृदुला नागदा**
प्राथमिक शिक्षक (संगीत)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 वास्को द  गामा, गोवा

74

# कौन है वह

रास्ते में चलते हुए आया एक ख्याल,
कौन है वह जिसके लिए मैं हूं बहुत बेहाल
पीछे मुड़कर देखा तो था कुछ वहीं
शायद एक एहसास जो हुआ कभी नहीं।

शायद एक सपना था अधूरा सा, अंजाना सा,
ना जाने वह क्या था कोई अपना सा या बेगाना सा
नदी की धारा की तरह नहीं था वह स्थिर
आगे ही आगे बढ़ता जा रहा था ना जाने वह किधर।

तभी चलते-चलते दो अनजाने रास्ते मिले,
समझ नहीं आ रहा यह कैसे हैं फासले,
हाथ थाम किसी ने कहा चलो मेरे साथ मैं ले चलूं तुम्हें वहां
जहां हो खुशी उमंग और तुम्हारे कदमों में ये सारा जहां।

अंदर से आवाज आई क्या करूं और क्या ना करूं
दोस्त है सच्चा सा क्या इसके साथ चलूं ?
था उस पर मुझे विश्वास इसलिए चल दी उसके साथ
ना था मुझे कोई डर और ना ही कोई पछतावा।

दोस्त ने दोस्ती ऐसी निभाई,
जो कि सीधे दिल पर छाई
अंजाना सा साया घूमता है यहीं कहीं
ना जाने क्या है कभी गलत तो कभी सही।

शायद सिर्फ एक एहसास है
जो कि दिल के बहुत पास है
ना कभी देखा ना कभी सुना कौन है
वह जो मेरे लिए बहुत खास है, बहुत खास है।

**दीक्षा ठाकुर**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (शारीरिक स्वास्थ्य)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 वास्को द गामा, गोवा

75

# मेरी माँ और मेरी कामयाबी

पढ़ना नहीं आता मेरी माँ को दोस्तों,
वह फिर भी मुझे जीवन जीना सिखाती है।
पढ़ना नहीं आता मेरी माँ को दोस्तों,
फिर भी वह उंगली पकड़ चलना सिखाती है।
कदम कदम पर साथ खड़ी माँ,
अपना आंचल फहराती है।
जब देखती है परेशान मुझे, अश्रु वह बहाती है।
दौड़ कर आती पास मेरे,
गले से मुझे लगाती है।
पढ़ना नहीं आता मेरी माँ को दोस्तों,
वह फिर भी जीवन जीना सिखाती है।

रोज रात को नई-नई कहानियां,
मुझे सुनाती है,
रोज स्कूल भेज कर मुझे,
मेरी यादों से दिल बहलाती है।
जब मैं आई स्कूल से लौट कर,
प्यार से गले मुझे लगाती है।
रोज बनाती स्वादिष्ट भोजन,
स्नेह से मुझे खिलाती है।
तभी तो, यह माँ की ममता कहलाती है।
पढ़ना नहीं आता मेरी मां को दोस्तों,
वह फिर भी जीवन जीना सिखाती है।

कठिन परिस्थितियों में मुझे,
मुश्किलों से लड़ना सिखाती है।
उनकी दी हुई सीख,
मुझे कामयाबी तक पहुंचाती है।
जब मैं चली कामयाबी के रास्ते,
दौड़ी पीछे चली आती है,
कंकड़, कांटों की परवाह किए बिना,
आंसू अपने छुपाती है।

जब मिल जाए सुकून उन्हें,
वह प्यार से मुस्कुराती हैं।
उनकी मुस्कुराहट मुझे जीवन जीने का,
नया रास्ता दिखाती है।
पढ़ना नहीं आता मेरी मां को दोस्तों,
वह फिर भी जीवन जीना सिखाती है।

**ज्योती कुमारी**
प्राथमिक शिक्षक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 वास्को द गामा, गोवा

76

# हम बढ़ चले

बढ़ चले, हम बढ़ चले,
निरन्तर ही हम बढ़ चले

शिक्षा के निर्माण में,
छात्रों के उत्थान में,
हर स्वप्न से साक्षात्कार में,
और शिक्षक के सम्मान में,
निरन्तर ही हम बढ़ चले

असमंजस से निर्णय तक,
डर से निडरता तक,
व्यग्रता से सहजता तक,
मौन से मुस्कुराहट तक,
निरन्तर ही हम बढ़ चले

नियति के आदेशों पर,
विधि के विधान पर,
शिक्षक के आव्हान पर,
मन-मस्तिष्क के संज्ञान पर,
निरन्तर ही हम बढ़ चले

रास्तों से मंजिल की ओर,
विचारों से प्रयोजन की ओर,
ठहराव से प्रगति की ओर,
अज्ञानता से शिक्षा की ओर,
बढ़ चले, हम बढ़ चले,
निरन्तर ही हम बढ़ चले

**शिखा शम्भरकर**
उप-प्राचार्या
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अजनी

77

# धरा संरक्षक

इस धरा पर जीवन में खुशहाली के हैं तीन उपाय
संसाधनों के समुचित उपयोग के निज ज्ञान बढ़ाएं।

भौतिक संसाधनों का हो समझदारी से इस्तेमाल।
इस्तेमाल के बाद हो अन्य रूपों में पुनः इस्तेमाल।
अगर संभव ना हो इस वस्तु का कोई भी इस्तेमाल।
भेजें इसे कारखाने में, बन जाए कोई नया सामान।

उदाहरण विशेष से मैं यह बात पुनः दोहराता हूं।
पढ़ने का हो शौक यदि; खरीद लाएं कोई किताब,
स्वयं इसे खूब पढ़ें और दूसरे को भी खूब पढ़ाएं।
जब खुलने लगे इसकी सिलाई पन्ने अलग पाए।

इस्तेमाल करें इसे ठोंगे में; चना इसमें समाय;
आप खूब खाएं और थोड़ा मित्रों तक पहुंचाएं।
इस्तेमाल के बाद ठोंगे को एक जगह जुटाए।
कारखाने में इससे फिर नया कागज बन जाए।

कागज के कई उपयोगों से वन कटाई कम हो जाए।
वन हमारे संरक्षित हो व धरती हरी-भरी हो जाए।
दिखाकर ऐसी समझदारी धरती को स्वर्ग बनाए।
धरती रहे हरी-भरी, आप धरा संरक्षक कहलाए।

**अविनाश कुमार अंजाना**
पुस्तकालयाध्यक्ष
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आरा

78

# अपनों की कैद

क्यों हमें बाहरी संघर्षों से बचाया जाता है,
और रसोई के धुएँ में झुलसाया जाता है।
क्यों हमें छुई-मुई सा पाला जाता है,
और जरा सी चोट पर घर सिर पर उठाया जाता है।
हम कमजोर हैं क्यों एहसास दिलाया जाता है,
हिम्मत से नहीं, हमदर्दी से सहलाया जाता है।
क्यों हिम्मत नहीं देते जिंदगी से लड़ने की,
जिंदगी में कुछ अकेला करने की।
जन्में हैं हम भी साहस के साथ,
पर बचपन से ही उसे दबाया जाता है।
हम में भी है वो आत्मसम्मान,
पर उसे हमेशा गहरी नींद में सुलाया जाता है।
क्यों हमने औरतों के लिए ऐसा समाज बनाया है,
बाहरी अनुभवों से अछूत घरेलू हिंसा का शिकार बनाया है।
खुले आसमान से मीलों दूर,
घर की सुख-सुविधाओं में कैद बिठाया है।
जीवन है हमारा, लेकिन निर्णय का हकदार,
किसी और को बनाया है।
अपनी जरूरतों को दूसरों से माँगकर,
पूरा करना सिखाया है।
घर की जिम्मेदारी के नाम पर अपनों को जोड़ना,
और सपनों को तोड़ना सिखाया है।
क्यों हमने ऐसा प्रचलन चलाया है,
खुद के घर को ही उसकी कैद बनाया है।

**पूजा पोरवाल**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय मोतिहारी

79

# शिक्षक की अभिलाषा

शिक्षक हैं हम, हमें नया भारत बनाना है।
इन नन्हे बच्चों के सपनों को, हमें पंख लगाना है।
ये नन्हे गीली माटी से, इनका न कोई मोल अभी,
लेकिन मुझ कुम्हार की मेहनत से, बन जायेंगे ये अनमोल सभी।
इन अनमोल रत्नों को हमें सजाना है,
शिक्षक हैं हम, हमें नया भारत बनाना है।

सही गलत का न भान इन्हें, हमें सार्थक मार्ग दिखाना है।
ये है राही जीवन पथ के, हमें मार्गदर्शक बन जाना है।
ये भारत के उज्ज्वल भविष्य, विश्व में परचम इन्हें लहराना है,
और इस तरह हमें दुनिया में अपनी परछाइयाँ छोड़ जाना है।
शिक्षक हैं हम हमें नया भारत बनाना है।

बाधाएँ अनेक लेकिन, हम हार न मानेंगे।
इन प्यारी कलियों को, भारत की बगिया के फूल बनाएँगे।
सींच अपने स्नेह और त्याग से, इन्हें सशक्त बनाना है।
शिक्षक हैं हम, हमें नया भारत बनाना है।

शिक्षक, वो जो मरकर अमर हो जाता है
जैसे राधाकृष्णन और द्रोणाचार्य की गाथा है।
तो तुम भी उठो और अपना पुरुषार्थ करो।
इस जग से जाने से पहले, तुम भी एक आगाज करो।
अपनी मेहनत से इतिहास नया बनाना है।
शिक्षक हैं हम, हमें नया भारत बनाना हैं।

**कुमकुम सिंह**
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय मोतिहारी

४०

# ध्रुव तारे सा चमकाएँगे

हम श्रमरत मानव, श्रम से अपना भाग्य चमकाएँगे
करोड़ों भारत वासी मिलकर, भारत नया बनाएँगे।
भूख, गरीबी लाचारी को, मिलजुल कर हम हराएँगे।
विश्व गगन में बढ़कर, इस तिरंगे को लहराएँगे।

विविध रंगों से मिलकर, सतरंगी देश सजाएँगे
अनेकता में एकता को, ताकत अपनी बनाएँगे।
संकट में आगे बढ़कर, इसकी रक्षा को आएँगे।
शत्रु की टेढ़ी चाल को, पल में नाकाम बनाएँगे।

विश्व क्षितिज में जाकर, इसका मान बढ़ाएँगे
देश की गौरव गाथा को, अंबर तक लेकर जाएँगे।
गगन केंद्र में पहुँचकर, हम नये प्रयोग करेंगे।
शुभांशु के श्रम को, हम मिलकर सलामी देंगे।

अभियान सिंदूर जारी रखकर, आतंक की कमर को तोड़ेंगे।
आतंक के आकाओं को, घर में घुसकर धोएंगे।
सुख शांति सदा बरसाकर, देश को स्वर्ग बनाएँगे।
अंतरिक्ष में भारत को, ध्रुव तारे सा चमकाएँगे।

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़

४१

# बाल अभिलाषा

भारत माँ के चरणों में,
अब अश्रु पुष्प चढाऊंगा।
बलिदानी बेटों को अपने,
खून से तिलक लगाऊंगा॥

अमर किया नाम देश का,
शहीदों ने क़ुरबानी से।
उन वीरों की गौरव गाथा,
रणवीरों को सुनाऊंगा॥

भारत में हमला था बोला,
जब पड़ोसी दुश्मन ने।
सरहद में था मोर्चा खोला,
जब पड़ोसी दुश्मन ने।

रणचंडी सी टूट पड़ी,
सेना दुश्मन की टोली पर।
किया घात पर घात, किया
संघात दुश्मन की टोली पर॥

बम गिरे शत्रु पर ऐसे,
मिला ना बचने का रास्ता।
घेर लिया था शत्रु को,
फिर वो कैसे कहां भागता॥

लाज बचायी भारत की,
आंच न उस पर आने दी।
जान गंवाई सैनिक ने पर,
आन ना अपनी जाने दी॥

ऐसे वीर शहीदों के आगे,
मैं नतमस्तक हो जाऊंगा।
उठा तिरंगा हाथों में,
वीरों के आगे-आगे जाऊंगा॥

**आलोक जायसवाल**
पुस्तकालयाध्यक्ष
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गिल नगर

४२

# हम ऐसे दीपक

हम ऐसे दीपक है जग में,
जग रोशन करने आए हैं।
बन्धन इतने बाधाएँ इतनी,
जिन्हें पार करने आए हैं।

दायित्व बड़ा कितना है दिया,
जिसे तूने जिया, जिसे मैंने जिया,
हर कारज पूरण कर देंगे,
दायित्व निभाने आए हैं।

कुछ तुम कर दो, कुछ हम कर दें,
आसान ये जीवन शिक्षा का।
नन्हें पौधों से शाखाएँ निकलें,
ये बाग सजाने आए हैं।

शिक्षा है तन, शिक्षा है मन,
शिक्षा ही हमारा जीवन है।
शिक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं,
ये जहाँ को बताने आए हैं।
हम ऐसे दीपक...

**सरिता सोनी**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (कला)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय डुंगरपुर

४३

# पुस्तकें हमेशा तुम्हें बुलाती हैं

पुस्तकें हमेशा कुछ बोलती हैं,
अगर तुम चाहो तो जीवन के रहस्यों को खोलती हैं
अपने पन्नों पर दिलकश नज़ारों को छुपाती हैं
पुस्तकें हमेशा तुम्हें बुलाती हैं।

पुस्तकें अपनी बाहों में इतिहास को छुपाती हैं
पन्नों को एक बार पलटो तो सही
यह तुम्हारे स्वर्णिम इतिहास को दिखाती हैं
पुस्तकें हमेशा तुम्हें बुलाती हैं।

यह तुम्हारे प्रियसी की आभा भी दिखाती हैं
तुम भले ही दूर चले जाओ
फिर भी नि:स्वार्थ अपने पास बुलाती हैं
पुस्तकें हमेशा तुम्हें बुलाती हैं।

पुस्तकें ज्ञान की गंगा भी बहाती हैं
एक बार डुबकी लगाओ तो सही
यह वैतरणी भी पार कराती हैं
पुस्तकें हमेशा तुम्हें बुलाती हैं।

एक बार अपनाकर तो देखो
यह तुम्हें अपनों सी सुहाती है
पुस्तकें हमेशा तुम्हें बुलाती हैं।

**सुधीर कुमार**
पुस्तकालयाध्यक्ष
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खानापारा

84

# रिक्त स्थान

हर जगह एक रिक्त स्थान है उसका
सुता भार्या भगिनी माता
जोड़ती है सबसे नाता
सम्बन्ध कभी नहीं पूरता उसे
वह पूरती है सब सम्बन्धों को
सामाजिक अनुबंधों को
उसकी जगह है
जीवन के हर मोड़ पर
शहर गांव के हर नुक्कड़ पर
उसे तकती हैं आँखें
वह अपने मन उड़ती है
फ़ैला पाँखें
स्थान हो कहीं
सर्वस्व
एक भय ही व्याप्त है
उसने कहा-होने दो
मुझे यह रिक्त स्थान ही पर्याप्त है।

**डॉ. सुशील कुमार**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी )
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 जालंधर छावनी

४५

# बिटिया

मेरी छोटी-सी बिटिया खुशी
भोली है, चंचल है
वाचाल और नटखट भी थोड़ी-सी
कुछ-कुछ कविवर त्रिलोचन की चम्पा जैसी
अक्सर मुझसे चुहल करती है
लड़ती है झगड़ती है
रूठती है फिर मान जाती है
जिद कर मेरे संग खेलने लगती है
वह छिपती रही
मैं खोजता रहा
वह भगाती रही
मैं भागता रहा,
आखिरकार हारकर थक गया
फिर अपने काम में रम गया
अचानक वह पर्दे के पीछे से प्रकट हुई
मुझे डराकर मेरे गले से झूम गई
मैने पुचकारा
पूछा बेटी तुम कहां गई थीं
मैं तो हार गया
वह खिलखिलाकर हँसी
अपनी विजय पर इतराती
मेरी भूल सुधारती-सी
चहकी
बाबा तुम मेरे पीछे भागते क्यों हों
आप अपना काम करो
खुशी अपने आप आ जाएगी
यह कहकर वह फुर्र हो गई
मेरे अंतस में कुछ डोल गया
लगा उसके नन्हे मुख से
जीवन बोल गया।

**उग्र मोहन यादव**
उप-प्राचार्य
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 जालंधर छावनी

८६

# गुरुजन को प्रणाम

अंधकार नाश किया,
ज्ञान का प्रकाश किया,
उन सभी गुरुओं को,
शिष्या का प्रणाम है।

शब्द व्यवहार दिया,
छंद उपहार दिया,
उन्ही गुरु चरणों में,
मेरे पुण्य धाम हैं।

शंका समाधान दिया,
कविता विधान दिया,
छाया उन गुरुओं की,
रही आठों याम है।

जीने का सलीका दिया,
कहने का तरीका दिया,
उनकी कोशिशों से,
आज मेरी पहचान है।

विपत्ती का सामना सिखाया,
हर पद पर रास्ता दिखाया,
सूर्य जैसे मेरे गुरुओं से,
इल्म की रोशनी की शान है।

शब्द कोष दान दिया,
भाव परिधान दिया,
माँ शारदा साधना से,
आज मेरा नाम है।

**चीनू माथुर**
प्राथमिक शिक्षक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रं.1 गोलकोंडा

87

# स्नेह की धारा

स्नेह की धारा, दिल को छूती हैं
अपनों की याद, आँसू बहाती हैं
माँ की याद में, आँसू बहते हैं
बार-बार याद आती है, दिल को सताती है।

नौकरी की खातिर, घर से दूर रहना
अपनों की तड़प, महसूस होती है
दिल की गहराई में, उनकी यादें बसती हैं
हर पल उनकी याद, दिल को छूती है।

पापा का प्यार, बचपन की यादें ताज़ा हैं
भाई का मजाक, हँसी की बौछार याद है
भाभी का ख्याल रखना, स्नेह की धारा है
भतीजे के साथ खेलना, दिल की खुशी की बहार हैं।

रात के अंधेरे में, दिल की बातें होती हैं
माँ की आवाज, कानों में गूंजती है
दूरियों के बावजूद, प्यार बना रहता है
अपनों की याद, दिल को छूती जाती है।

कभी-कभी लगता हैं, सब कुछ खो दिया
लेकिन माँ की याद, दिल को संभालती है
पापा की सीख, जीवन का मार्गदर्शन है
भाई का साथ, जीवन की राह में सहयोग है।

भतीजे की मुस्कान, दिल को खुशी देती है
भाभी का प्यार, परिवार की एकता को दर्शाता है
घर से दूर, लेकिन दिल नहीं भटका है
अपनों की याद, हमेशा साथ रहती है।

**कनुप्रिया वार्ष्णेय**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 गोलकोंडा

४४

# यादों का कारवां

यादों के पल ज़िंदगी की राह में साथ चलते हैं,
वक़्त के सफ़र में लम्हें कुछ ऐसे आते हैं,
जो बीतकर भी दिल में घर बना जाते हैं।

बहुत लोग जी लेते हैं इन यादों के सहारे,
यादों के सफ़र में फिरते हैं मारे-मारे।
इनकी परछाई से कहीं दूर नहीं भागते,
इन्हीं पलों को संजोकर रखते हैं उम्र भर सारे।

कुछ लोगों के लिए यादें नदी का किनारा हैं,
उसी कश्ती के सहारे मंज़िल तक पहुँचने का ज़रिया हैं।
कभी-कभी लोग यादों में डूबकर खुद को खो देते हैं,
और कुछ लोग तो डूबने में ही आनंद पाते हैं।

कुछ यादों को संबल बनाकर ज़िंदगी जी लेते हैं,
हर बाधा को चुटकी में सह लेते हैं।

यादों का क़ाफ़िला ज़रूरी है जीने के लिए,
अकेलेपन में होंठों पर मुस्कान लाने के लिए।
यादें कड़ी धूप में ठंडी छाँव के समान हैं,
व्याकुल मन के लिए शीतल जल के समान हैं।

बिन यादों के, जाने लोग कैसे ज़िंदगी जी लेते हैं,
ज़िंदगी को बोझ मानकर कड़वा घूँट भी पी लेते हैं।

यूँ तो सभी चाहते हैं थोड़ी-बहुत यादों को पालना,
पर सभी को नहीं आता मीठी यादों को सँभालना।
कभी-कभी धूल भरी यादों के पन्नों को चाहिए खोलना ,
वरना वक़्त की मार से उनका वजूद तय है खोना।

**सोनाली मैत्रा**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 गोलकोंडा

४१

# आँखों में चमक

कई दरवाजे खटका-खटका कर के,
थके हारे नन्हे हाथ,
बेबस होकर मोहन खड़ा, पिता के साथ,
पसीना पोछता और बताता,
अपनी दुःख की गाथा,
कहीं नहीं हुआ, नहीं कहीं हुआ,
दाखिला इसका !

आंखे नीचे झुके हुए, हाथ जोड़कर बोला,
बेटे को नब्बे प्रतिशत हो, तभी तो मिलेगा दाखिला !
तो किसी ने बोला, अस्सी प्रतिशत हो तो ही आना
वरना कहीं और चले जाना !

आँखों में इसके चमक है,
पर विद्या के हर चौखट पर
लोगों ने उसमें अँधेरा पाया,
के.वि. में इसको ज़रूर मिलेगा ,
लोगों ने हमें बताया !

पंख फैलाकर उड़ने का एक मौका
इसको ज़रूर मिलेगा,
मेरे बच्चे को राह दिखाने,
सर्वश्रेष्ठ गुरु और साथी जरूर मिलेंगे,
अपना लो, इसको भी आप
ये नाम अवश्य करेगा रोशन
नाम है इसका गणपत मोहन !

**पी. डी. डेल्ली जेम्स**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (गणित)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय तिरुमलगिरि

९०

# पदत्राण

देख कंगूरा इमारत का हर कोई यही सोचता है,
कितनी क़िस्मत वाला है, हर पल सदा चमकता है।
संघर्षों की बदौलत ही जीवन में सफलता मिलती है,
हर उपलब्धि के पीछे बस त्याग-कथा ही चलती है।
अंबर से लेकर धरती तक, जब सृष्टि का आविर्भाव हुआ,
सुन्दरतम और विवेकी मानव का धरती पर पूर्ण प्रभाव हुआ।
चर-अचर जो भी जीव यहाँ, विवेकी केवल मानव था,
पर वह भी स्वार्थी बन बैठा, ऐसा तो केवल दानव था।
उसकी करतूत देख यहाँ, जब परिवेश हर तरफ खौल उठा,
तब उसको राह दिखाने को, जूता उसका उससे बोल उठा।
जीवन में मुसीबत न आए, सदा प्रयास मैं करता हूँ,
लिए समर्पण भाव सदा, मैं कदम-कदम पर चलता हूँ।
किसकी शख्सियत कैसी है, सदा मैं ही बतलाता हूँ,
दबा रहता हूँ सबसे नीचे, पर खुशियाँ सबको पहुँचाता हूँ।
जब भी कभी मैं टूटा हूँ, प्रेम-तगा ही माँगा हूँ,
प्रेम दिया मुझको जिसने, उसका लक्ष्य मैं साधा हूँ।
तन मैला जो हुआ कभी, कालिख से खुश हो जाता हूँ,
सुख-प्रकाश फैला करके, गम-अंधकार पी जाता हूँ।
तन हो जाए तार-तार, फिर भी न हिम्मत हारा हूँ,
तल्ले-तल्ले पर जोड़-जोड़, करता सदा गुजारा हूँ।
जिसने मेरी कद्र की, सदा मुझको अपनाया है,
मैंने भी उसकी सेवा में, तन-मन खूब लुटाया है।
बड़े-बड़े जो लोग यहाँ जिनके कल-कारखाने हैं,
सच पूछो तो मेरी बदौलत ही, भरते अपने ख़जाने हैं।
छोटा-बड़ा न कोई जग में, सब झूठी धौंस दिखाते हैं,

राजा हो या रंक सभी, एक ही मार्ग सब जाते हैं।
जीवन का है सार यही, जो कोई समझ न पाता है,
त्राण-तल जिसने शुद्ध रखा, वह भव-सागर तर जाता है।
त्राण-तल का जिसने प्रतिकार किया, जीवन-समर वह हारा है,
अमीर-गरीब की न चाह मुझे, मुझको तो प्रेमी प्यारा है।
जाति-पाति का भेद नहीं, मैं सबका पग सहलाता हूँ,
समस्या-कंटक से सबको कदम-कदम पर बचाता हूँ।
जो मुझको अपनाता है, सीने पर उसे बिठाता हूँ,
उसके पथ के काँटे चुन, सर्वदा साथ निभाता हूँ।
वे मुझ में कील ठोकते हैं, मैं उनको लक्ष्य दिखाता हूँ,
उनकी मुश्किल आसान बना, उनको सुख पहुँचाता हूँ।
सर्वदा सबका पदत्राण बनूँ, जीवन-सुखद प्रमाण बनूँ,
सबकी पीड़ा संहार करूँ, हर पल सबका कल्याण करूँ।
सभी इक दूजे के सहायक हों, ये मेरे दिल की आशा है,
निसि-वासर सब खुशहाल रहें, ऐसी मेरी अभिलाषा है।

**डॉ. उमाशंकर पाण्डेय**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 एफ.सी.आई. गोरखपुर

९१

# ममता की छाँव

ममता की छाँव, वो अमृत धारा, जीवन की हर धूप में सहारा।
कोमल हाथों का वो प्यारा स्पर्श, हर दुख को हर ले, जैसे हर्ष।
माँ की आँखों में वो अनमोल प्यार, जिससे मिलता जीवन को आकार।
लोरी में उसकी, जादू की धुन, नींद सुलाए, मिटा दे हर गुन।
छोटे क़दमों को चलना सिखाया, हर गिरते को फिर से उठाया।
खाना खिलाया, लोरी सुनाई, जीवन की राहों पर ज्योति जलाई।
त्याग की मूरत, तपस्या महान, माँ के चरणों में स्वर्ग समान।
हर पल वो करती बस परवाह, अपनी खुशी से भी उसकी है चाह।
जब भी भटके, वो राह दिखाए, सही-गलत का अंतर समझाए।
दुनिया में कोई दूजा न ऐसा, माँ का प्यार, निर्मल गंगा जैसा।
आँचल में उसके, मिलती पनाह, हर मुश्किल से लड़ने की राह।
ईश्वर का रूप, साक्षात् वो माँ, ममता की छाँव, सदा रहे यहाँ।

**कृष्णानन्द कुशवाहा**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 एफ.सी.आई गोरखपुर

92

# हाँ मैं शिक्षक हूँ

मनुज हूँ, नहीं कोई अवतार हूँ
भारत के लोगों में बन्धुत्व का विस्तार हूँ
राष्ट्र के निर्माण में आधार का संरक्षक हूँ
हाँ मैं शिक्षक हूँ...
कल की आवाज़
और आज का विचार हूँ
आशाओं का आगार
नित ऊर्जा का संचार हूँ
सभ्यता से संस्कृति के
सम्बन्ध का समीक्षक हूँ
हाँ मैं शिक्षक हूँ...
नवयुग के सृजन में
भविष्य का आकार हूँ
जीवन मग के अंधियारे में
उम्मीद का उजियार हूँ
व्यक्तित्व के विकास में
गरिमा का परिरक्षक हूँ
हाँ मैं शिक्षक हूँ...
चरित्र के निर्माण में
चलचित्र का निदेशक हूँ
प्रेरणा का स्वर स्वयं
नवसृजन का प्रवर्तक हूँ
अनुचित और उचित के
मध्य का निरीक्षक हूँ
हाँ मैं शिक्षक हूँ...
असत् से सत् की ओर
तमस् से ज्योतिपथ
अज्ञानता से ज्ञान के मार्ग का
प्रदर्शक हूँ
अप्राप्य से प्राप्य तक
असत्य और सत्य के
मध्य का परीक्षक हूँ
हाँ मैं शिक्षक हूँ...

**संजीव कुमार मिश्र**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 एफ.सी.आई. गोरखपुर

१३

# मिट्टी की तह में

मिट्टी की तह में
दबाया गया बीज होता है अंकुरित
वृक्ष बनने के लिए
तोड़ देता है आवरण,
कराता है एहसास अपने शक्तिपुंज होने का
फूस के नीचे दबाई गई आग
होती है प्रज्ज्वलित द्विगुणित वेग से
बीज और आग दबाए नहीं जा सकते
मिट्टी की तह और फूस से
आवाज आवाम की नहीं हो सकती है शांत
बंदूक की नोक से
बंदूकों का खौफ और भी उकसाता है अवाम को
प्रचंड होने के लिए
माना कि दीमक बहुत हैं जो काट देते हैं अंकुर
वृक्ष बनने के पूर्व ही
किंतु यह नहीं है पराजय उस शक्तिपुंज बीज का
जो चाहता था बनना वृक्ष
होने पर भी नष्ट अंकुर कराता है एहसास
अपने पूर्व इतिहास का
थी शक्ति जिसमें अद्भुत संघर्ष और चिर जिजीविषा की
प्रेरणा स्रोत है वह होने के लिए कटिबद्ध
दुर्दमनीय प्रतिरोध के।

**रामविलास द्विवेदी**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय इफ्फको फूलपुर प्रयागराज

९५

# बेटीः एक खज़ाना

सबसे करबद्ध निवेदन है, हम सब ये प्रण लेकर जाएँगे।
जितना बेटों को चाहते हैं, उतना ही बेटियों को चाहेंगे ।।
आचरण रहे दुर्भावहीन तो, मोक्ष द्वार खुल जाएँगे,
जितने भी पाप किए होंगे, बिन गया गए धुल जाएँगे।
दुःख के बादल छँट जाएँगे, बेटी की एक किलकारी में।
ये जूही चमेली, चम्पा सी, महकें घर की फुलवारी में।
आओ मिलकर संकल्प करें, फुलवा में ही फूल लगाएँगे ।।
जितना बेटों को चाहते हैं, उतना ही बेटियों को चाहेंगे ।।
बेटी तो एक खज़ाना है, जैसे शेष शिरोमणि हों,
ऐसा रक्षा कवच प्रदान करो, जैसे मानो खड़े स्वयं फणि हों।
जिस तरह शेष मणि रक्षा को, अपना निज धर्म समझता है।
उस तरह हमें भी दुहिता को, अपना सर्वस्व समझना है।
निज आन, मान, मर्यादा को, हर मुश्किल से लड़ जाएँगे ।।
जितना बेटों को चाहते हैं, उतना ही बेटियों को चाहेंगे ।।
गार्गी, मैत्रेयी, अनुसूया, सावित्री, सती और सीता सी,
कुछ पाठ पढ़ती ब्रह्मज्ञान, कुछ ज्ञान बाँटती गीता सी।
ऐसे ना जाने कितने ही, भूतल पर अनगिनत उदाहरण हैं।
इनके करतब और कीर्तिमान, बेशक ही नहीं साधारण हैं।
जिनके घर नहीं बेटियां हों, उनसे पूछो इस पीड़ा को।
इसलिए बन्धुओ मैं कहता, हम अभी उठाएँ इस बीड़ा को।
इस भेदभाव की बेड़ी को, हम आज भेदकर जाएँगे ।।
जितना बेटों को चाहते हैं, उतना ही बेटियों को चाहेंगे ।।

**अवकेश कुमार**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 ए आयुध निर्माणी, तिरुचिरापल्ली

९८

# कलम का आह्वान

लहू बन स्याही जब कलम से मिलती है,
मूक पृष्ठों को भी ये जीवंत सा करती है।
है कौन अछूता जिसे कलम ने न छुआ,
क्रांति का बिगुल बजा, जहां-जहां लिखा ॥

इसकी अकाट धार से फिरंगी थरथराए थे,
क्रांति के नायकों ने लेखनी से देशभक्त जगाए थे।
तोड़ी कुरीतियों की बेड़ियां, अपने उनमुक्त विचारों से,
मुक्त किया समाज सती प्रथा, और छुआछूत जैसे आचारों से ॥

इसी कलम ने रचा हमारा संविधान महान,
देश निर्माण को किए नव पंख प्रदान।
वेदना या हर्ष सब कुछ, भावों में संजोती है,
सुख-दुख में हमारे साथ-साथ हंसती और रोती है ॥
उठो बालक, तुम अब कलम का आह्वान करो,
ज्ञान के दीपक से जग में जय-गान करो।
बदल दो अपना भाग्य अपनी लेखनी से,
मातृभूमि को विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य संधान करो ॥

**पंकज रस्तोगी**
स्नातकोत्तर शिक्षक (भौतिक विज्ञान)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल, बरेली

९६

# हौसलों की उड़ान

गर कुछ करने की हिम्म्त है तो,
हौसलों में उड़ान रख।
कर अपने पंखो को बुलन्द,
आसमनों में अपनी पहचान रख।

राह कब किसी की आसान रही है,
पर मंजिल उसी को मिली है
जिनके हौसलों में जान रही है।
उन हौसलों पर अपने तू एतबार रख,
आसमानों में अपनी पहचान रख।

याद रख तू आम नहीं,
तू तो है एक खास शख़्स।
जो बाधाओं से टकरा भी,
नहीं हुआ है कभी धवस्त।
उन बाधाओं के सामने,
अपने हौसलों की उड़ान रख,
आसमानों में इक बार फिर से अपनी पहचान रख।

**सम्पदा**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिंदी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अंबिकापुर

९७

# शिक्षक

शिक्षक वही जो मार्ग को, कर दे प्रशस्त दे रौशनी
भर दे उमंग का रंग मन में, जिसमें ढले यह जीवनी।
बहे फिर यह धार बनकर, और फैले हर घड़ी
जिसको भी छू-ले राग भर दे, बिलकुल हो जैसे मोहिनी ॥

हाँ रंग वो जो कल का भावी, देश का रंग रूप हो
जिसमें हो बसती इस धरा की, माटी-सी मधु गंध हो।
वृक्ष पीपल का हो जैसे, देता महती छाया को
शिक्षक वही उस तरु-सा देता, नित्य अपनी छाया को ॥

बगिया हो जैसे किसी कृषक की, जिसको सहेजे वो रात-दिन
फिर जो मिले सब कुछ समर्पित, कर देते हैं वह सोचे बिन।
हो नदियां जैसे जल-तरंगित, दे देती सुधा वह सोचे बिन
देना ही तो है प्रकृति यह, जिसको सिखाते शिक्षक प्रतिदिन ॥

बचपन घुला हो, खुशियाँ मिली हो, और संग हो प्रेमधन
फिर चाह किसकी और जग में, है भला आश्वस्त मन।
मन में हैं खुशियाँ साथ जिनके, है खड़ा यह बालपन
शिक्षक को लगता है सदा फिर, कार्य उसका सरलतम ॥

**राकेश कुमार झा**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
केन्द्रीय विद्यालय पू.सी.रे. मालीगांव

९४

# व्यथा और आशा

पता है मैं कौन हूँ, पता है मैं कौन हूँ
मैं वो हूँ जो सबसे अलग दिखता हूँ
मैं वो हूँ जो उम्मीदों के धागे से अपने सपने बुनता हूँ
मैं वो हूँ जो हंसने का कारण बनता हूँ, लेकिन फिर भी कम हँसता हूँ
मैं वो हूँ जो सबके साथ रहता हूँ लेकिन फिर भी अकेला हो जाता हूँ
जी हां मैं वही हूँ जो क्लास में सबसे पीछे बैठता हूँ

सुनता हूँ सभी बातों को लेकिन अमल नहीं कर पाता हूँ
करता हूँ सब कोशिशें लेकिन प्रबल नहीं बन पाता हूँ
मैं भी कुछ बनना चाहता हूँ लेकिन समझ नहीं पाता हूँ
इन अनगिनत रास्तों पर सही रास्ता खोज नहीं पाता हूँ
हजारों सपने होने पर भी अन्धकार में खो जाता हूँ
जी हां मैं वही हूँ जो क्लास में सबसे पीछे बैठता हूँ

मुझे भी चाहत है खुले आसमान में उड़ान भरने की
मुझे भी चाहत है सबके समान एक साथ आगे बढ़ने की
लेकिन अपनी मज़बूरी ओर व्यथा से उबर नहीं पाता हूँ
भटकते रास्तों पर घूमकर वापस आ जाता हूँ
मैं वो हूँ जो खिड़की से बाहर अपनी दुनिया खोजता हूँ
जी हां मैं वही हूँ जो क्लास में सबसे पीछे बैठता हूँ

मुझे लगता है कि एक दिन मैं भी कुछ कर दिखाऊंगा
मुझे लगता है कि एक दिन मैं भी कक्षा में आगे बैठाया जाऊंगा
मुझे लगता है कि एक दिन मुझे भी कहा जाएगा
उठ, आगे बढ़- तुम कुछ भी कर सकते हो !
इसलिए उम्मीद ना छोड़कर मैं भी हर रोज स्कूल आता हूँ
मैं वही हूँ जो क्लास में सबसे पीछे बैठता हूँ
मैं वही हूँ जो सबसे अलग दिखता हूँ
जी हां मैं वही हूँ जो क्लास में सबसे पीछे बैठता हूँ

**दिनेश कुमार**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय महू

९९

# वसुंधरा की पुकार

जल रहा है आसमान और तप रही है धरा
सुनो एक चित्कार, सुनो कि रो रही वसुंधरा
सुनो उसकी जुबानी सुनो,
आज उसी की कहानी सुनो।

ये पर्वत, प्रपात, पठार मेरा,
और नदियों की जलधार मेरा।
आज इसको क्या हो गया है,
देखों कहीं ये खो गया है।

आज समंदर भर रहा है प्लास्टिक के ढेरों से,
और हवाएं मैली हो गई काले धुओं के थपेड़ों से।

जो हरे भरे थे जंगल मेरे,
वो बदल रहे हैं शहरों में।
और कारखानों का विष मिला है
सागर की उठती लहरों में।

कितनों के घर छिन गए देखो
पेड़ों के कट जाने से।
और तुम्हें फुर्सत नहीं इनसे
अपने घर को सजाने से।

मेरी बर्फ की शिलाएं पिघल रही हैं,
कहीं धरती आग उगल रही है।
तुम मनुष्यों की बेपरवाही देखकर,
मेरी आत्मा भी जल रही है।

और कितनी मैं अपनी व्यथा सुनाऊं,
कितनी तुम्हारी गलतियां गिनाऊं।
मेरा तो वजूद खो गया तेरी इन किताबों में,
तुम भी कहीं खो जाओं न मेरे क्रोध के सैलाबों में।

**पूनम कुमारी**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय, एन.आई.टी. सिलचर

100

# बादल का जादू

काले बादल, घिर-घिर आ,
इस अंबर की शोभा बढ़ा।
तुझे पुकारे प्यासे जन,
घिर-घिर आ,
ओ ! काले घन।
धरती की इस माया में,
आसमान की छाया में,
तेरा रूप सलोना है,
कभी चांदी, कभी सोना है।
तुझमें छवियां दिखती अनेक,
पल-पल रूप बदलता देख,
विस्मय में पड़ जाती हूं,
समझ नहीं मैं पाती हूं।
कि रूई-सी कोमल काया में
कैसे जल भरकर ले आता है ?
जगत की प्यास बुझाता है।
निष्प्राण पड़ी इस धरती पर
जब -जब वृष्टि करता है,
अपने वरदानों के जादू से
नित नूतन सृष्टि रचता है।
ओ ! काले बादल घिर -घिर आ
धरती की तू प्यास बुझा,
जगत की तू प्यास बुझा।

**सपना कुमारी**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मोहाली

101

# अवसर

अवसर मिले तो माँ को अपनी याद दिला आऊं
अवसर मिले तो बच्चों के सपनों में झांक आऊं
अवसर मिले तो पुराने सपने बुन आऊं
अवसर मिले तो सबके ग़म कहीं छोड़ आऊं

अवसर मिले तो सृष्टि फिर से रच आऊं
अवसर मिले तो बुद्धि में सिर्फ़ प्रेम भर आऊं
अवसर मिले तो पहाड़ों की चोटी छूं आऊं
अवसर मिले तो बादलों संग उड़ आऊं

अवसर मिले तो दुनिया बदल आऊं
अवसर मिले तो चांद ज़मी पर ले आऊं
अवसर मिले तो समय से परे निकल आऊं
अवसर मिले तो सितारों को छू आऊं

अवसर मिले तो खोये रिश्ते गढ़ आऊं
अवसर मिले तो व्यस्त आखों में नींद भर आऊं
अवसर मिले तो पीले पत्तों में हरियाली भर आऊं
अवसर मिले तो दिन को जगा आऊं
